राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267 आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 संजू बाबा की दुल्हन बनने से पहले ...



पीएम मोदी के बाद किरेन रिजिजू का... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 24 जुलाई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 137, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

# पेपर लीक के सभी मामलों की फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी सुनवाई, नीट विवाद के बीच पीएम मोदी का ऐलान



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक के मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक से जुड़े मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए देशभर में फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे, ताकि दोषियों को जल्द और कड़ी सजा मिल सके। इसके लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि हमारे युवाओं का हित और उनका भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का उद्देश्य पेपर लीक मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करना और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है। पीएम मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस फैसले को जल्द से जल्द लागू करने के लिए सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि यह कदम छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने दोहराया कि पेपर लीक के हर मामले में दोषियों को जल्द कठोर सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस पहल से पेपर लीक मामलों में न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी, दोषियों को शीघ्र सजा मिलेगी और प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता तथा युवाओं का भरोसा और मजबूत होगा।

**प्रधानमंत्री ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, उन्होंने दोहराया कि पेपर लीक के हर मामले में दोषियों को जल्द कठोर सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था की जाएगी**

## सीजेपी ने जेपी नड्डा के आवास-कार्यालय पर बातचीत ठुकराई, देशभर में एक दिवसीय प्रदर्शन का आह्वान

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के समर्थकों को बातचीत का न्यौता दिया था, जिसे प्रदर्शनकारी छात्रों ने ठुकरा दिया है। दरअसल, केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने छात्रों को स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के आवास या कार्यालय पर बातचीत को बुलाया था। प्रदर्शनकारियों ने इसे ठुकराते हुए मांग की कि बातचीत जंतर-मंतर पर हो या फिर किसी और जगह होनी चाहिए। सीजेपी ने एक दिवसीय प्रदर्शन का आह्वान भी किया है।



सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच सरकार के न्यौते की घोषणा करते दिख रहे हैं। रांका ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि सरकार कह रही है कि वह जंतर-मंतर पर बातचीत करने नहीं आएगी क्योंकि वह काफी डर रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### सरकार का बड़ा दावा, ई-20 पेट्रोल से पुराने वाहनों में थोड़ा घट सकता है माइलेज

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कहा कि ई20 पेट्रोल (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) के इस्तेमाल से ई10 पेट्रोल के लिए डिजाइन किए गए कुछ पुराने वाहनों में ईंधन दक्षता (माइलेज) में मामूली कमी आ सकती है। हालांकि, एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के कारण बड़े पैमाने पर इंजन खराब होने या वाहनों में खराबी आने का कोई सत्यापित (वेरिफाइड) प्रमाण नहीं मिला है। राज्यसभा में पूछे गए सवालों के लिखित जवाब में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि ई10 के लिए डिजाइन किए गए पुराने वाहनों में माइलेज में होने वाली कमी आमतौर पर करीब 3 से 5 प्रतिशत तक ही सीमित रहती है। उन्होंने कहा






कि किसी वाहन का माइलेज केवल पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा पर निर्भर नहीं करता, बल्कि ड्राइविंग की आदत, वाहन का रखरखाव, टायर प्रेशर, व्हील अलाइनमेंट और एयर कंडीशनर (एसी) के उपयोग जैसे कई अन्य कारकों पर भी निर्भर करता है। सुरेश गोपी ने कहा, ई10 के लिए डिजाइन किए गए कुछ पुराने वाहनों में ईंधन दक्षता में होने वाली कमी सामान्यतः मामूली (करीब 3-5 प्रतिशत) होती है। उन्होंने आगे कहा, कुछ पुराने वाहनों में माइलेज में हल्की गिरावट आ सकती है, लेकिन ई20 पेट्रोल के कई फायदे भी हैं। इसमें अधिक ऑक्टेन रेटिंग, बेहतर एंटी-नॉक प्रदर्शन, बेहतर दहन क्षमता और अधिक स्मूथ एक्सीलरेशन मिलता है। इस बीच, इसी महीने 7 जुलाई को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ई20 पेट्रोल को लेकर उठ रहे सवालों पर आलोचकों को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि यदि 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से किसी वाहन को नुकसान हुआ हो, तो उसका एक भी उदाहरण सामने लाकर दिखाया जाए। साथ ही उन्होंने माइलेज कम होने और अन्य दावों को पेड कैंपेन का हिस्सा बताया था। 'विकसित भारत कॉन्क्लेव, में बोलते हुए नितिन गडकरी ने कहा था, ई20 पेट्रोल की वजह से किसी भी कार में खराबी आने का एक भी मामला सामने नहीं आया है। अगर किसी वाहन में ई20 पेट्रोल से समस्या हुई है, तो उसका सिर्फ एक उदाहरण बता दीजिए। उन्होंने यह भी कहा था, उच्च एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर झूठे नैरेटिव फैलाए जा रहे हैं। ये सब पेड कैंपेन का हिस्सा हैं।

### शेयर मार्केट में भूचाल, महज 4 घंटे में निवेशकों के डूब गए 4 लाख करोड़ रुपए, औंधे मुंह गिरे सेंसेक्स-निफ्टी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में सुबह बाजार खुलते ही शेयरों में जो बिकवाली का दौर शुरू हुआ, वह दोपहर होते-होते भारी तबाही में तब्दील हो गया। इस झटके का असर इतना तेज था कि सेंसेक्स और निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांकों में एक फीसदी से ज्यादा की भारी गिरावट दर्ज की गई। वहीं, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों का हाल इससे भी ज्यादा बुरा रहा, जिससे निवेशकों में भारी दहशत का माहौल है।

**महज चार घंटे में स्वाहा हो गई लाखों करोड़ की संपत्ति**

शेयर बाजार में आई इस भारी सुनामी ने निवेशकों की कमर पूरी तरह से तोड़ कर रख दी है। महज



चार घंटे के शुरुआती ट्रेड में ही बीएसई के निवेशकों को करीब 4 लाख करोड़ रुपये का तगड़ा और रुला देने वाला नुकसान झेलना पड़ा है। इस भारी गिरावट के कारण बीएसई पर लिस्टेड सभी कंपनियों का कुल मार्केट कैप घटकर 4,80,34,340.27 करोड़ रुपये रह गया है। इससे ठीक एक दिन पहले यानी 21 जुलाई को यह कुल मार्केट कैप 4,84,29,839.10 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर था।

**सेंसेक्स और निफ्टी ने तोड़े अपने बेहद अहम सपोर्ट लेवल**

बाजार में मची इस चौतरफा बिकवाली के कारण आज दोपहर तक सेंसेक्स 800 अंकों से ज्यादा (लगभग 1 प्रतिशत) टूटकर 76,641.19 के निचले स्तर पर जा गिरा। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 50 भी अपने 24,000 के बेहद अहम सपोर्ट (समर्थन) स्तर को नहीं बचा सका।

## दंगा करने वालों का पासपोर्ट होगा रद्द, प्रोटेस्ट के बीच दिल्ली पुलिस सख्त

दिल्ली। पुलिस दंगों में शामिल पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ पासपोर्ट रद्द करने की कार्यवाही शुरू करेगी, साथ ही मौजूदा कानूनों के तहत कानूनी कार्रवाई भी करेगी। यह हिंसक प्रदर्शनों में भाग लेने के आरोपियों के खिलाफ सख्त रुख का संकेत है। यह निर्णय सोमवार को

**कई प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई के वीडियो देखकर ही वे इस आंदोलन से जुड़े।**

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के 'चलो संसद' मार्च के दौरान हुई हिंसा के बाद लिया गया है, जब प्रदर्शनकारियों ने संसद के आसपास लगे सुरक्षा बैरिकेड्स को तोड़ने का प्रयास किया था। इसके बाद सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े, लाठीचार्ज करना पड़ा और दंगा रोधी वाहन तैनात करने पड़े। कई प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आईं, जबकि पार्टी ने दावा किया



कि उसके संस्थापक अभिजीत दिपके को हिरासत में ले लिया गया। हिंसा के बाद, सीजेपी ने 24 जुलाई को देशव्यापी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की घोषणा की और NEET आंदोलन के दौरान छात्रों पर कथित पुलिस बर्बरता के खिलाफ हर जिले में प्रदर्शन करने का आह्वान किया। पार्टी ने छात्र संघों और संगठनों से स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित करने, छात्रों की मांगों को सार्वजनिक रूप से पढ़ने और पुलिस कार्रवाई से प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने की अपील की। इस सप्ताह तक, जंतर-मंतर पर आंदोलन अपेक्षाकृत सीमित दायरे में था, जहां छात्र और कार्यकर्ता प्रतिदिन NEET परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर एकत्र होते थे। सोमवार को पुलिस के साथ हुई झड़प के बाद स्थिति बदल गई।

**भारी भीड़ उमड़ी**

सोमवार को विरोध-प्रदर्शन वाली जगह पर भारी भीड़ जुटने लगी, जिसमें कई लोग पहली बार शामिल हो रहे थे, जंतर-मंतर जाने वाली सड़कें लोगों से भर गईं। सीजेपी आयोजकों ने माना कि अब वे लोगों की संख्या का अंदाजा नहीं लगा पा रहे थे, जबकि कई प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई के वीडियो देखकर ही वे इस आंदोलन से जुड़े। इस बीच, छात्रों के आंदोलन को लेकर राजनीतिक टकराव भी बढ़ गया। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने राहुल गांधी पर अपनी बात से मुकरने का आरोप लगाया, जबकि सरकार संसद में कथित NEET अनियमितताओं पर चर्चा करने के लिए सहमत हो गई थी।

## संसद परिसर में पेपर लीक पर सियासी टकराव, प्रदर्शन के दौरान आमने-सामने आए एनडीए और विपक्षी सांसद, जमकर नारेबाजी

नई दिल्ली (आरएनएस)। मानसून सत्र के बीच गुरुवार को संसद भवन परिसर में नीट पेपर लीक और राहुल गांधी के प्रधानमंत्री आवास तक किए गए प्रदर्शन को लेकर सियासी माहौल गरमा गया। संसद के मकर द्वार पर एनडीए और विपक्षी सांसद आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों ने अपने-अपने मुद्दों को लेकर जमकर नारेबाजी की। एनडीए सांसदों ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री आवास तक किए गए प्रदर्शन का विरोध किया, जबकि विपक्षी सांसद नीट पेपर लीक मामले को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते रहे। कुछ समय तक दोनों पक्ष मकर द्वार पर डटे रहे और एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाते रहे। सरकार का कहना है कि शिक्षा मंत्रालय की शिकायत के आधार पर सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले की जांच शुरू कर दी है और विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं। सरकार ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा भी दिया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संसद में चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाया जाएगा। वहीं विपक्ष का आरोप है कि परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने में सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पूरी तरह विफल रही है, जिससे लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। विपक्ष ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई।

इसी बीच छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



एक्स पर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेपर लीक के मामलों में दोषियों को जल्द और कठोर सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा, ताकि मामलों का त्वरित निस्तारण हो सके। प्रधानमंत्री के इस ऐलान पर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पलटवार किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि युवाओं के भविष्य को सबसे अधिक नुकसान मौजूदा सरकार ने पहुंचाया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को कमजोर होने दिया और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को संरक्षण दिया।

**राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को कमजोर होने दिया और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को संरक्षण दिया**

## तहसील, थाना और ब्लॉक की कार्यशैली सुधरेगी तो सरकार की छवि भी निखरेगी: केशव प्रसाद मौर्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बरेली /लखनऊ (लेखराम मौर्य)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में आज जनपद बरेली के समस्त विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम अप्रैल माह में ली गई अपनी समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिए कि नियमानुसार किसानों की उपज खरीद की जाए, इसमें किसी भी कृषक को कोई असुविधा ना हो तथा किसान अपनी निजी जरूरत के लिए अपने खेतों से मिट्टी निकाल कर ले जाता है ,तो उसे कोई परेशानी ना आए, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई ऐसा कार्य ना करें, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो। बैठक में निर्देश दिए गए कि ट्रैफिक पुलिस आदि अनावश्यक रूप से आम लोगों को परेशान ना करें यदि वो किसी से बात करना चाहते हैं तो बात करें तथा लोगों को निशुल्क हेलमेट भी बांटे जाएं, जिससे शर्मिंदा होकर वह स्वयं भी इस ओर ध्यान दें और बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन पर भी सवारी ना करें। सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहों को फैलने से रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।

**उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद बरेली के समस्त विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**



जनता दर्शन

## जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

# गंभीर बीमारियों के इलाज में भरपूर मदद करेगी सरकार: मुख्यमंत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार सबकी समस्या का समाधान कराने को प्रतिबद्ध है। गंभीर बीमारियों के इलाज में सरकार भरपूर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए शीघ्रता से समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया। साथ ही चेताया भी कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी शीघ्रता से सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए पहले परस्पर संवाद और फिर विधिक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता से किया जाए। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवा कर उपलब्ध कराए। यह मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। इलाज के लिए किसी जरूरतमंद को परेशान न होना पड़े, इसके लिए उन्होंने सभी पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के भी निर्देश दिए।

**अधिकारियों से बोले सीएम- बर्दाश्त नहीं की जाएगी जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही**





**सीएम योगी ने की गोसेवा, गोवंश को खिलाया गुड़**

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। गायों व गोवंश को स्नेहिल भाव से गुड़ खिलाया। उन्होंने गोशाला के कार्यकर्ताओं को गोवंश की देखभाल के लिए जरूरी दिशानिर्देश भी दिए।

# 05 अगस्त तक विद्यालय करें छात्रवृत्ति मास्टर डाटा लॉक, 15 अगस्त तक उच्च शिक्षण संस्थानों को मिलेगा अवसर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रंजना सिंह ने बताया कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) योजना के तहत जनपद के सभी विद्यालयों को छात्रवृत्ति मास्टर डाटा में संस्था से संबंधित सभी सूचनाएं दर्ज कर डिजिटल हस्ताक्षर(Digital Signature) के माध्यम से लॉक करना होगा। साथ ही नवीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों को छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीकरण कराने के लिए 05 अगस्त 2026 तक का समय निर्धारित किया गया है।





उन्होंने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत (कक्षा 11-12 को छोड़कर) सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को भी छात्रवृत्ति मास्टर डाटा में आवश्यक विवरण अंकित कर डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से लॉक करने तथा नवीन मान्यता प्राप्त संस्थानों को छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीकरण कराने के लिए 15 अगस्त 2026 तक का समय दिया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद के सभी विद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों तथा नवीन मान्यता प्राप्त संस्थाओं के प्रधानाचार्यों, प्राचार्यों एवं संस्था प्रमुखों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर छात्रवृत्ति पोर्टल पर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने, मास्टर डाटा का शत-प्रतिशत अद्यतन करने, डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से उसे लॉक करने तथा नवीन संस्थाओं का अनिवार्य रूप से पंजीकरण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि के बाद यदि किसी संस्था द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूरी नहीं की जाती है, तो उससे उत्पन्न होने वाली समस्त जिम्मेदारी संबंधित संस्था की होगी।

# हाजी यासीन कुरैशी लगातार तीसरे दिन भी हॉउस अरेस्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा ।** समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष हाजी यासीन कुरैशी को शेख पैन स्थित उनके आवास पर खुर्जा पुलिस ने जंतर मंतर पर चल रहे आंदोलन में शामिल होने से रोकने के लिये घर में ही नजबंद किया हुआ है शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर जंतर मंतर दिल्ली में चल रहे आंदोलन में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव जी की गिरफ्तारी के विरोध में यासीन कुरैशी के दिल्ली कूच की सूचना लीक होते ही खुर्जा पुलिस ने घर में ही नजर बंद कर दिया हाजी यासीन कुरैशी ने कहा राजनीति में मदभेद होने चाहिए मन भेद नहीं अब नोजवानो की आवाज को ज्यादा नहीं दबाया जा सकता है।



# 38वें दीक्षांत समारोह में "स्वर्ण पदक" प्राप्त करने वाली एम ए समाज शास्त्र विषय की छात्रा मिताली सिंह का बड़े हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद।** रघुवर दयाल प्रभु दयाल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय जहांगीराबाद में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा 22 जुलाई को आयोजित 38वें दीक्षांत समारोह में "स्वर्ण पदक" प्राप्त करने वाली एम ए समाजशास्त्र विषय की छात्रा मिताली सिंह का बड़े हर्षौल्लास के साथ स्वागत किया गया। महाविद्यालय की छात्राएं गत वर्षो से ही विश्वविद्यालय की वरीयता सूची में अपना स्थान बनती आयी है, और एक बार फिर "स्वर्ण पदक" प्राप्त करने वाली मिताली सिंह ने यह स्वर्णिम अवसर महाविद्यालय को प्रदान किया है। मिताली प्रारंभ से ही महाविद्यालय की गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आयीं हैं, यही कारण है कि अपने आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने यह सफलता हासिल की। इस सफलता का श्रेय वे अपने अभिभावकों, शिक्षकों और महाविद्यालय को देती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंधक गिरीश गर्ग,निदेशक शरद अग्रवाल, संयोजक कुलदीप गर्ग, हर्ष अग्रवाल तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शीनू चौधरी ने शुभकामनाएं दी तथा अन्य छात्रों को उनकी इस उपलब्धि से प्रेरणा प्राप्त करने का आह्वान किया।



# कांग्रेस सिकंदराबाद प्रभारी व नगर अध्यक्ष को पुलिस ने घर में किया नजरबंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** नई दिल्ली स्थित जंतर मंतर पर छात्रों द्वारा नीट पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग के समर्थन में शामिल होने जा रहे कांग्रेस सिकंदराबाद विधानसभा प्रभारी सैयद अमन इरफान को पुलिस ने उनके घर में नजर बंद कर लिया। सैयद अमन इरफान ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राहुल गांधी के साथ दुर्व्यवहार के विरोध व नीट पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग के लिए प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में वह दिल्ली जंतर मंतर जा रहे थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें उनके घर में ही नजर बंद कर लिया। उधर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष साकिब मुकदम को भी पुलिस ने उनके घर में नजर बंद कर लिया। साकिब मुकदम ने बताया कि जब वह जंतर मंतर पर जाने की तैयारी कर रहे थे तभी पुलिस ने उन्हें घर पर ही रोक दिया, ताकि वह अपने साथियों के साथ प्रदर्शन स्थल तक ना पहुंच सके।





# राजनीति विज्ञान में अजय कुमार बने 'डॉ. अजय कुमार', CCS विश्वविद्यालय से मिली पीएचडी की उपाधि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** मेरठ चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने अजय कुमार को राजनीति विज्ञान विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की है। इस उपलब्धि के साथ अब वे "डॉ. अजय कुमार" के नाम से जाने जाएंगे। डॉ. अजय कुमार ने अपना शोध कार्य "Judiciary and Protection of Privacy Rights in India: A Study of Select Supreme Court Judgments" विषय पर सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उनके शोध में भारतीय न्यायपालिका द्वारा निजता के अधिकार (राइट टू प्राइवेसी) की संवैधानिक सुरक्षा से जुड़े सर्वोच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णयों का गहन अध्ययन किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री के अनुसार यह उपाधि यूजीसी पीएचडी विनियम 2009/2016 के अनुरूप प्रदान की गई है। यह शोध भारतीय संविधान, न्यायपालिका और नागरिकों के मौलिक अधिकारों के अध्ययन की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डॉ. अजय कुमार की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, मित्रों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने विश्वास जताया कि वे शिक्षा, शोध और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे।



# जंतर-मंतर जाने से पहले हाउस अरेस्ट नजरबंद किए जाने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम खॉन)।** गरीबों मजदूरों, किसानों और छात्रों की समस्याओं को लगातार उठाते रहे हैं। उनका आरोप है कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करना और शांतिपूर्ण विरोध करना संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार है। भारतीय किसान जागरूक युवा संगठन के जिला अध्यक्ष अमरीश भारद्वाज अपने सैकड़ों कार्यकताओं के काफिले के साथ दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन में शामिल होने के लिए रवाना होने वाले थे। लेकिन पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही अमरीश भारद्वाज जी को उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट नजरबंद कर दिया गया। क्या किसानों की आवाज उठाना अब अपराध बन गया है क्या शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करना भी अब सरकार को स्वीकार नहीं लोकतंत्र में अपनी बात रखना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। किसानों की आवाज को नजरबंदी और दमन से दबाया नहीं जा सकता भारतीय किसान जागरूक युवा संगठन अन्याय के विरुद्ध हमेशा किसानों और युवाओं की आवाज बनकर खड़ा रहेगा। लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान किया जाना चाहिए तथा जनता की आवाज को दबाने के बजाय उसका सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती और अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है।



# वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय रमेश चंद जैन को दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय रमेश चंद जैन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। श्रद्धांजलि सभा श्री रमेश चंद जैन योगा पार्क में हुई। सभा में नगर के राजनीतिक, सामाजिक व गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। स्वर्ग रमेश चंद जैन की स्मृति में करीब आधा दर्जन फलदार व छायादार वृक्ष लगाए गए। पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया ने पार्क में और बेहतर व्यवस्थाएं कराने की बात कही। मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी, विनय जैन , मोहित जैन, अनिल सिंघल, कुलदीप सिंघल, राजेश अग्रवाल, संजीव तेवतिया, महेश वर्मा आदि ने श्रद्धांजलि दी।


स्वर्गीय श्री रमेश चंद जैन

# सपा नेता किये गये हाउस अरेस्ट , जिला सचिव शाहजुद्दीन मेवाती हुए हाउस अरेस्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद/बुलंदशहर ।** सपा जिला सचिव एवं सभासद पति शहाजुद्दीन मेवाती उर्फ भूरा मेवाती को पुलिस ने देर रात उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया।

समाजवादी पार्टी के आवाहन पर आयोजित होने वाले विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से पुलिस ने सपा जिला सचिव शाहजुद्दीन मेवाती उर्फ भूरा मेवाती को उनके भावसी रोड़ स्थित आवास पर पहुंचकर नजरबंद कर दिया। कस्बा चौकी इंचार्ज सौबरन सिंह मय पुलिस पार्टी मध्यरात्रि में लगभग बारह बजे उनके घर पहुंचे और उन्हें हाउस अरेस्ट किए जाने की सूचना देकर घर से बाहर नहीं निकलने का फरमान सुना दिया। जहां एक ओर पुलिस ने सपा नेता को हाउस अरेस्ट किए जाने को शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कदम बताया वहीं दूसरी ओर सपा कार्यकताओं ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र का गला घोंटा जाना बताया और इस की घोर निन्दा की।



# पुस्तक को गृह मंत्रालय द्वारा चयनित करने पर सम्मानित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** संस्था लक्ष्य फाउंडेशन के अध्यक्ष पूर्व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवनीत शर्मा व सचिव हरित शर्मा एडवोकेट ने अपने आवास पर साहित्यकार जगतपाल सिंह एडवोकेट की पुस्तक माटी के बर्तन कहानी संग्रह को गृह मंत्रालय द्वारा चयनित किए जाने पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लक्ष्य फाउंडेशन के अध्यक्ष नवनीत शर्मा एडवोकेट ने कहा कि जगतपाल सिंह एडवोकेट साहित्यिक क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाए हुए हैं उनकी कई पुस्तक अब तक प्रकाशित हो गई है। उनका लेखन हिंदी का उच्च स्तरीय है। जिसमें समाज की पीड़ाओं का और सामाजिक संवेदनाओं का बहुत ही अच्छा उल्लेख किया गया है। उनकी पुस्तक कहानी संग्रह चयनित किए जाने पर गुलावठी नगर के लिए हर्ष और गौरव की बात है। इस मौके पर मुकेश कुमार शर्मा ,देवेंद्र डीएन शर्मा, सीमा साई, तरुण बंसल, परिकत सोलंकी, अमित कौशिक, तुषार कौशिक, प्रभात सैनी, शहजाद कुरेशी, फरमान खान, प्रतीक गर्ग ,रामकुमार कौशिक सभासद सहित आदि लोग मौजूद रहे।



# राहुल गांधी की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने किया हाउस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद !** दिल्ली मे राहुल गाँधी किया गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट करने किया कार्यवाही किया है, पुलिस ने मे कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अंबरीश वर्मा व पूर्व नगर अध्यक्ष इंतजार अली को हाउस अरेस्ट कर दोनों नेताओं के आवास पर पुलिस बल तैनात किया है! हाउस अरेस्ट होने और बोले कांग्रेस नेता यह लोकतंत्र किया हत्या है संविधान मे अपने बात कहने का हक दिया लेकिन मोदी सरकार दमकारी नितिन अपना कर विपक्ष किया आवाज को दवाना चाहती है, छात्रों पर पुलिस द्वारा की गगी लाठी चार्ज की भी निंदा किया है।



## समर्थन

## दिल्ली में चल रहे छात्रों के आंदोलन को कांग्रेस ने खुलकर समर्थन किया है

# शिक्षा मंत्री का पुतला फूंकने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित 12 पर एफआईआर, फिर भी दिल्ली पहुंचे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** दिल्ली में चल रहे छात्रों के आंदोलन को कांग्रेस ने खुलकर समर्थन किया है। राजधानी में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी पर आक्रोशित कांग्रेसियों ने बुधवार को डीएवी कॉलेज पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंककर मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी। हाउस अरेस्ट होते हुए पुतला फूंकने से बौखलाई पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान समेत 12 नेताओं पर एफआईआर दर्ज की है। पुलिस पिछ्ल दो दिन से कांग्रेस नेताओं को जिलेभर में हाउस अरेस्ट किए हुए है जिसको लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश व्याप्त है। बुलंदशहर कोतवाली नगर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के साथ प्रशांत बाल्मिकी, सचिन वशिष्ठ, मनीष चतुर्वेदी, आशु कुरैशी, शुभम कौशिक, नईम मंसूरी और 5 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एफआईआर दर्ज होने और हाउस अरेस्ट करने के तमाम प्रयासों के बावजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष दर्जनों नेताओं के साथ कांग्रेस मुख्यालय दिल्ली पहुंचे और आज बुलंद की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने एफआईआर पर कहा कि बुलंदशहर पुलिस योगी सरकार के इशारे पर तानाशाही की सभी सीमाएं पर कर रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों, युवाओं और आमजन के मुद्दों को उठाने पर हजार एफआईआर भी दर्ज होंगी तो हमें मंजूर हैं। जियाउर्रहमान ने कहा कि बुलंदशहर पुलिस अपराधियों को पकड़ने के बजाय कांग्रेसियों को कुचलने का काम कर रही है यह शर्मनाक है । उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस को धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करना चाहिए। जियाउर्रहमान ने कहा कि बुलंदशहर पुलिस कांग्रेस के नेताओं को टारगेट करके काम कर रही है, जिसके खिलाफ जल्द एसएसपी का घेराव किया जाएगा ।

दिल्ली पहुंचने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, राजकुमार पंडित, चंद्रपाल सिंह, भजनलाल विमल, देशदीपक भारद्वाज, अनुपम भारद्वाज, मोहनलाल सिंह, ज्ञानेंद्र राघव, रवि लोधी, इशू शर्मा, ऋतिक जाटव, अब्दुल रहमान मंसूरी, अमित जाटव, दलवीर सिंह, सौरभ सिंह, फिरोज खान, सोनू जाटव, मुकेश रजक, पूजा शर्मा आदि मौजूद रहे।



# कावड़ यात्रा से पहले सड़कों पर हो रहे गढ़ों को भरवाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** वीरवार को उद्योग व्यापार मंडल 'भारत' द्वारा अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह को नगर पालिका परिषद कार्यालय में कावड़ यात्रा से पहले सड़कों पर हो रहे गड्ढों को भरवाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन दिया । ज्ञापन में कहा गया कि सावन महीने शुरू होने में कुछ दिन रह गए हैं और नगर में कई जगह सड़कों पर गड्ढे हो गए है। जिससे कांवरियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस पर अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने तुरंत सड़कों पर हो रहे गड्ढे भरने के आदेश दिए। इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल भारत के विधानसभा अध्यक्ष पुरुषोत्तम वार्ष्णेय ,नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गर्ग ,पंकज कुमार ,मोहित शर्मा ,मोनू सिंघल मौजूद रहे।

# मुरादनगर गंग नहर में पी.ए.सी. की फ्लड कंपनी ने किया हाईटेक मॉक ड्रिल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** आगामी कांवड़ यात्रा एवं संभावित बाढ़ जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए 41वीं वाहिनी पीएसी फ्लड कंपनी गाजियाबाद ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को मुरादनगर स्थित गंग नहर में पीएसी की फ्लड कंपनी (बी-दल) द्वारा व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान जल-रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार और आपदा प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं का सफल प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल का निरीक्षण सेनानायक डॉ. दिनेश यादव (आईपीएस) ने किया। मॉक ड्रिल में जवानों ने नहर में डूब रहे व्यक्ति को सुरक्षित और त्वरित तरीके से बाहर निकालने का लाइव प्रदर्शन किया। रेस्क्यू के बाद घायल व्यक्ति को मौके पर ही जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) देने की प्रक्रिया भी प्रदर्शित की गई। अभ्यास का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कांवड़ यात्रा के दौरान यदि कोई श्रद्धालु या अन्य व्यक्ति जल दुर्घटना का शिकार हो जाए, तो उसे बिना समय गंवाए सुरक्षित बचाया जा सके। सेनानायक डॉ. दिनेश यादव ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु गंग नहर और आसपास के क्षेत्रों से गुजरते हैं।

# ऑपरेशन कवच" विशेष चेकिंग अभियान के अंतर्गत गाजियाबाद सम्भाग में 65 वाहनों के विरूद्ध व्यापक कार्यवाही

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये के निदेशों के क्रम में दिनांक 21 जुलाई, 2026 को गाजियाबाद सम्भाग गौतमबुद्धनगर एवं हापुड़ "ऑपरेशन कवच" विशेष अभियान डॉ० सियाराम वर्मा, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गाजियाबाद के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य लंबी दूरी की स्लीपर बसों, ऑल इंडिया परमिट एवं ऑल यूपी परमिट धारक यात्री वाहनों के विरुद्ध सघन जांच कर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा बिना वैध परमिट, फिटनेस, बीमा एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों के संचालित वाहनों पर प्रभावी अंकुश लगाना था।उक्त अभियान के दौरान सम्भाग गाजियाबाद के समस्त प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा जनपद के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष चेकिंग की गई।











विशेष रूप से परी चौक के निकट जीरो प्वाइंट से महामाया फ्लाईओवर क्षेत्र तथा यूपी गेट से हापुड़ मेरठ रोड मार्ग पर संचालित यात्री वाहनों की जांच की गई। उक्त जांच के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा, चालक के अभिलेख, आपातकालीन सुरक्षा उपकरण, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया। अभियान में निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाए जाने वाले वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार संभाग गाजियाबाद कुल 68 वाहनों को चालान / बन्द करते हुए प्रशमन शुल्क रू0 16.50 लाख आरोपित किया गया।
डॉ० सियाराम वर्मा, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि जनपदों प्रशासन एवं पुलिस विभाग के सहयोग से संचालित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, विश्वसनीय एवं मानक अनुरूप परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना तथा अवैध एवं असुरक्षित यात्री परिवहन संचालन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा। यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, जिससे सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा सके तथा यात्रियों के जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# बड़ी कार्रवाई: कई नामी दवा कंपनियों के नाम पर स्प्यूरियस (नकली) दवाइयाँ बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बताते चलें नकली एवं अवैध औषधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) एवं गाज़ियाबाद क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने देहरादून के देवीपुर, न्यू हाईवे रोड, परवाल क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए सिप्ला , लूपिन , Dr. रेड्डी 's, एल्डर , माइक्रो , मैनकाइंड , इंटस , अब्बूट , सुन फार्मा , अरिस्तो , मस्लीड्स और ज्यडूस जैसी नामी दवा कंपनियों के नाम पर स्प्यूरियस (नकली) दवाइयाँ बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। मामले में विधिक कार्रवाई जारी है।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर धरने पर बैठे आसपा कार्यकर्ता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की न्यायिक जांच, शिक्षा माफियाओं पर कार्रवाई तथा बेरोजगारों को रोजगार देने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आजाद समाज पार्टी के कार्यकताओं ने बस अड्डा स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरने का नेतृत्व पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष राहुल कुमार ने किया। धरने को संबोधित करते हुए राहुल कुमार ने कहा कि संसद मार्च के दौरान छात्रों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में पार्टी देशभर में आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद भी छात्रों के समर्थन में आंदोलनरत हैं। इसी क्रम में यहां भी धरना शुरू किया गया है। राहुल कुमार ने बताया कि आंदोलन के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, शिक्षा माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई, परीक्षा प्रणाली में सुधार, पुलिस कार्रवाई से प्रभावित छात्रों को



न्याय तथा बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता तब तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा की। धरने में राहुल कुमार कलछीना, सम्राट जाटव, सोनू सोहनलाल, ओम प्रकाश निवेश, देवेंद्र ठेकेदार, दिलीप सागर, सानुज गौतम, अमित सोनी, कुशाल सिंह राणा, राजीव, विकास, जाकिर, अनिल गौतम, वसीम चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय नेकपुर में नामांकन उत्सव एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** प्राथमिक विद्यालय नेकपुर में नामांकन उत्सव एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रहे। उन्होंने विद्यालय के बच्चों को अपने हाथों से भंडारा परोसा तथा बच्चों के साथ बैठकर मिड-डे मील ग्रहण किया। उनके इस आत्मीय व्यवहार से बच्चों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ. पी. यादव द्वारा विद्यालय में उपस्थित 10 बच्चों का नामांकन अपने हाथों से किया गया और वहां उपस्थित सभी अभिभावकों से वातार्लाप करते हुए सरकारी स्कूल की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ सरकार से मिलने वाली योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप यादव ने विद्यालय में संचालित विभिन्न नवाचारों एवं श्रेष्ठ शैक्षिक गतिविधियों (बेस्ट प्रैक्टिसस ) की विस्तृत जानकारी दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं, नवाचारों, अनुशासन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।
उन्होंने विद्यालय की उत्कृष्ट छात्र संख्या, बच्चों की सक्रिय सहभागिता तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति विद्यालय परिवार की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए प्रधानाचार्य एवं समस्त विद्यालय स्टाफ को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय नेकपुर अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणास्रोत है और यहाँ किए जा रहे नवाचार निश्चित रूप से अनुकरणीय हैं। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों द्वारा भंडारा प्रसाद ग्रहण करने के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# रोजगार मेले में 106 अभ्यर्थी चयनित एवं शॉर्टलिस्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजियाबाद एवं एच.एल.एम. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, दिल्ली-मेरठ रोड, गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को एच.एल.एम. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. अनुज अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।
इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत युवाओं को देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में करियर उन्मुख रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना विभाग की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से सेवायोजन विभाग द्वारा समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन कर युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की पांच प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इनमें बजाज लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड, जी.एम.पी. टेक्निकल सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, हिंदूजा हाउसिंग फाइनेंस, एस.के.एम. प्लेसमेंट एंड मैनेजमेंट सहित अन्य कंपनियां शामिल रहीं। कंपनियों द्वारा मानव संसाधन कार्यकारी, फील्ड अधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, बिक्री प्रबंधक, उत्पादन सहायक, तकनीशियन एवं कनिष्ठ अभियंता सहित विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए गए।





रोजगार मेले में कुल 453 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के उपरांत 106 अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों द्वारा 16 हजार रुपये से 30 हजार रुपये प्रतिमाह तक के वेतनमान पर चयनित एवं शॉर्टलिस्ट किया गया।
कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला सेवायोजन अधिकारी दिव्या त्रिपाठी, एच.एल.एम. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉ. अनुज अग्रवाल, डॉ. मोहित जिंदल तथा संस्थान एवं सेवायोजन विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल में "हैप्पी अर्थ" कैंपेन का भव्य आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल में हैप्पी अर्थ कैंपेन का आयोजन बड़े उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में "हमारी मंच संचालिका ने आदरणीय चेयरपर्सन श्रीमती आँचल गोयल जी का प्रेरणादायक संदेश सभी विद्यार्थियों तक पहुँचाया"। विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल मैम कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पृथ्वी के महत्व और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला"। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, पानी बचाने, बिजली का सही उपयोग करने और प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का प्रयास किया। सभी ने पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि पृथ्वी केवल हमारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की भी धरोहर है, इसलिए इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने सभी से पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतों को अपनाने का आह्वान किया।





# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के सहयोग से इंटरैक्ट क्लब ऑफ सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल द्वारा ग्रीन डे एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के सहयोग से इंटरैक्ट क्लब ऑफ सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल द्वारा सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल में ग्रीन डे एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना तथा हर घर तुलसी, हर घर फल अभियान के माध्यम से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित गुप्ता एवं स्वाति गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन निशा एवं रोटेरियन आलोक, विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन एवं फर्स्ट





लेडी ऑफ द हाउस बाबिता जैन, वाइस चेयरमैन नमन जैन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (क्रिएटिव एंड एक्सपीरिएंशियल प्रोग्राम) मोनिका जैन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी की अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अरुणा सिंघल, सचिव रोटेरियन श्रीमती साक्षी विकास शर्मा तथा प्रधानाचार्या डॉ. गीता जोशी सहित रोटरी क्लब के अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान और प्रकाश के प्रतीक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की भावना को अभिव्यक्त करते हुए मनमोहक स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुति दी। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने आकर्षक और पर्यावरण-अनुकूल परिधानों के माध्यम से ग्रीन फैशन शो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का प्रभावशाली संदेश दिया। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रकृति की सुंदरता और हरियाली के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर इंटरैक्ट क्लब के नव-निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों के लिए बैज समारोह आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को नेतृत्व, सेवा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संदेश दिया गया। साथ ही विभिन्न अंतर-विद्यालयीय, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। विद्यार्थियों और उपस्थित अतिथियों ने वृक्षारोपण करने, जल एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने, अपशिष्ट को कम करने तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण ह्यहर घर तुलसी, हर घर फल अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण समारोह रहा।
सभी गणमान्य अतिथियों, विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि एक पौधा केवल हरियाली नहीं, बल्कि जीवन, शुद्ध वायु और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का प्रतीक है।

**गोष्ठी**

## उपनिषदों में है ज्ञान का महासागर : डॉ. रामचन्द्र

# तैत्तिरीयोपनिषद् में दर्शन विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्त्वावधान में तैत्तिरीयोपनिषद् में दर्शन विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 794 वाँ वेबीनार था। वैदिक प्रवक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. रामचन्द्र ने कहा कि भारत की ज्ञान परम्परा वेद से प्रारंभ होकर उपनिषदों तक ज्ञान गंगा की तरह प्रवाहित होकर महासागर में परिणत हो जाती है।भारत के संतों,महात्माओं और ऋषियों ने अरण्य में गुरु शिष्य परम्परा के माध्यम से एकांत साधना के द्वारा जीवन में उन्नति के जिन सूक्ष्म रहस्यों को आत्मसात किया उन्हें उपनिषदों के माध्यम से प्रकट किया गया है।ग्यारह प्रमुख उपनिषदों के क्रम में तैत्तिरीयोपनिषद् का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है।इस उपनिषद् में तीन वल्ली (अध्याय) हैं - शिक्षा वल्ली, ब्रह्मानन्द वल्ली और भृगु वल्ली। शिक्षा वल्ली में पांच महासंहिताओं का वर्णन किया गया है। अधिलोक, अधिज्योतिष, अधिविद्य,अधिप्रज और अध्यात्म नाम की इन महा संहिताओं में समाज,ब्रह्मांड,शिक्षा एवं जीवन की उन्नति के कालजयी सूत्र दिये गए हैं।ऋग्वेद यजुर्वेद एवं सामवेद के सार के रूप में भूर्भुवः स्वः रूप व्याहृति उत्पन्न हुई और उनके सार के रूप में ओ३म् प्रकट हुआ इसलिए यह ईश्वर का सबसे महत्वपूर्ण नाम है।उपनिषद के अनुसार ईश्वर के दर्शन हृदय मंदिर में होते हैं।मातृदेवो भव,पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव एवं अतिथिदेवो का महान उपदेश भी यहीं पर दिया गया है।ब्रह्मानन्द वल्ली में ब्रह्म को सत्य, ज्ञान, अनन्त और आनन्द के रूप में बताया गया है।अन्न को सर्वोषधि बताते हुए उसकी अभी निंदा न करने का उपदेश दिया गया है।ब्रह्म के सत एवं असत स्वरुप का भी बहुत गंभीर विवेचन यहां पर मिलता है।शिक्षा वल्ली पुत्र भृगु एवं पिता वरुण के संवाद के माध्यम से पंचकोश की अद्भुत चर्चा की गई है। अन्नमय, प्राणमय,मनोमय,विज्ञानमय एवं आनन्दमय कोश की चर्चा के माध्यम से मनुष्य जीवन की सर्वोच्च सार्थकता का बहुत सुंदर वर्णन है। इससे व्यक्ति अपनी पहचान किसी बड़े या छोटे पद से नहीं समझता अपितु मनुष्य होना स्वयं में सबसे बड़ी उपलब्धि है - यह दृष्टि समझ में आती है।मुख्य वक्ता ने कहा कि गत हजारों वर्षों से उपनिषदों के ज्ञान ने पूरी मानवता को आलोकित किया है। उपनिषदों के अध्ययन से सृष्टि के रहस्य स्पष्ट होते हैं और जीवन की सभी समस्याओं के समाधान भी प्राप्त होते हैं। उनके अध्ययन से संपूर्ण ब्रह्मांड आपके किसी एक विशेष ध्येय के लिए साधन बन जाता है और आप स्वयं में कृतकृत्यता की अनुभूति करते हैं। व्यक्ति के लिए संसार की प्रत्येक वस्तु ब्रह्म से अनुप्राणित हो जाती है और वह सांसारिक क्लेश एवं तनाव से मुक्त होकर अत्यंत सहजतापूर्वक जीवन के उद्देश्य को प्राप्त कर लेता है। डॉ रामचन्द्र ने कहा कि उपनिषदों का अध्ययन संसार की समस्त समस्याओं के समाधान में सबसे महत्वपूर्ण प्रकाश स्तंभ सिद्ध हो सकता है।



मुख्य अतिथि डॉ.अल्का आर्य (निदेशक दिल्ली विकास प्राधिकरण) व अध्यक्ष ओम सपरा (पूर्व मेट्रो पोलेटिन मजिस्ट्रेट) ने भी अपने विचार व्यक्त किए,परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका कौशल्या अरोड़ा,जनक अरोड़ा,कमला हंस,प्रवीना ठक्कर,सुधीर बंसल आदि ने मधुर भजन सुनाए।

# जल जीवन मिशन से ग्रामीण जीवन में आया बड़ा बदलाव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। हर घर नल, हर घर जल अभियान के माध्यम से हजारों ग्रामीण परिवारों तक पेयजल पहुंचने से स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। जिले के 1124 राजस्व ग्रामों में से 54 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित 43 पेयजल योजनाओं से लाभान्वित हैं। शेष 1070 राजस्व ग्रामों को 724 ग्रामीण पेयजल योजनाओं के माध्यम से आच्छादित किया जा रहा है। योजनाओं के तहत प्रस्तावित 730 नलकूपों, 722 पंप हाउस, 17120 किलोमीटर वितरण पाइपलाइन और 3,85,366 घरेलू नल कनेक्शन पूरे किए जा चुके हैं। वर्तमान में 97 योजनाओं के माध्यम से 140 राजस्व ग्रामों में नियमित और 539 ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति की जा रही है।



अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अध्ययन के अनुसार मिशन से डायरिया एवं टाइफाइड जैसी जलजनित बीमारियों में कमी आई है। महिलाओं को पानी लाने में लगने वाले समय से राहत मिली है, बच्चों की पढ़ाई के लिए अधिक समय उपलब्ध हुआ है और ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। जिले की अधिकांश पेयजल योजनाओं में सौर ऊर्जा आधारित पंपों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे बिजली की बचत, संचालन एवं अनुरक्षण लागत में कमी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है। विशेषज्ञों का मानना है कि सामुदायिक पेयजल योजनाएं व्यक्तिगत सबमर्सिबल पंपों की तुलना में अधिक टिकाऊ, किफायती और भूजल संरक्षण के लिए बेहतर विकल्प हैं। साथ ही सौर ऊर्जा के उपयोग से भविष्य में कार्बन क्रेडिट अर्जित करने की भी संभावनाएं हैं। मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार कहते हैं कि जल जीवन मिशन ने जिले में यह सिद्ध किया है कि स्वच्छ पेयजल केवल एक मूलभूत सुविधा नहीं, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक विकास का सशक्त आधार है। जिले की यह उपलब्धि प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण बन रही है।

# अलीगढ़ में नीट पेपर लीक पर कांग्रेस का अर्धनग्न प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गुरुवार को अलीगढ़ में कांग्रेस कार्यकताओं ने नीट पेपर लीक और छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट पर अर्धनग्न प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में कांग्रेस की महिला विंग की कार्यकर्ता भी शामिल थीं। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार पर छात्रों की आवाज दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश में शिक्षा और रोजगार के मुद्दे गंभीर होते जा रहे हैं, और पेपर लीक की घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।






कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली में छात्रों के शांतिपूर्ण मार्च पर हुए लाठीचार्ज को लोकतंत्र के खिलाफ बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पढ़ाई और रोजगार की मांग करने वाले युवाओं को लाठियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से छात्रों की मांगों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। इसमें छम्म्ज परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच, पेपर लीक में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई और प्रभावित छात्रों को न्याय दिलाने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली में छात्रों पर कार्रवाई करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की।

वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित किया।

# जातिसूचक एवं अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध मे सुभाषपा ने खोला मोर्चा अमित जादौन ने समस्त टीम के साथ दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) की उत्तर प्रदेश जिला इकाई ने पिछड़े, अतिपिछड़े, दलित एवं अतिदलित समाज के सम्मान, सुरक्षा और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन में पार्टी ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के कुछ नेताओं, कार्यकताओं एवं समर्थकों द्वारा लगातार पिछड़े, अतिपिछड़े, दलित एवं अतिदलित वर्गों के विरुद्ध जातिसूचक, अपमानजनक एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। इससे समाज के वंचित वर्गों में गहरा आक्रोश और असंतोष व्याप्त है।
पार्टी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति या समाज को उसकी जाति के आधार पर अपमानित करना संविधान की मूल भावना, सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों के विपरीत है। ऐसे कृत्य सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने के साथ-साथ कमजोर एवं वंचित वर्गों के आत्मसम्मान और उनके संवैधानिक अधिकारों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।
ज्ञापन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में गरीब एवं वंचित वर्गों को धमकाने, प्रताड़ित करने, उनकी भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास, जातिसूचक टिप्पणियां करने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित कर समाज में वैमनस्य फैलाने जैसी घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की गई। पार्टी ने इन



मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध राजनीतिक प्रभाव से मुक्त होकर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।
प्रमुख पदाधिकारी रहे मौजूद
इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमित जादौन,सलहाकार स्योराज सिंह , जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार भारद्वाज, भास्कर शर्मा तथा बाराक सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
अंत में पार्टी ने जिला प्रशासन से मांग की कि ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक तत्काल पहुंचाया जाए तथा संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# डीएम आवास के बाहर युवती ने किया आत्मदाह का प्रयास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में डीएम आवास के बाहर एक युवती ने खुद पर डीजल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे समय रहते बचा लिया और जिला अस्पताल मलखन सिंह में भर्ती कराया। युवती ने अपने परिजनों और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

खैर क्षेत्र की रहने वाली 25 वाली सेजल अग्रवाल बुधवार रात डीएम आवास पहुंची। आरोप है कि उसने खुद पर डीजल डालकर आग लगाने की कोशिश की। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उसे रोक लिया और इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उसका आरोप है कि पिछले करीब पांच वर्षों से उसे घर में रहने नहीं दिया जा रहा है। उसने अपने चाचा अमित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल और कुलदीप अग्रवाल पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। युवती का कहना है कि वह पीएचडी करना चाहती है, लेकिन परिवार उसकी पढ़ाई के लिए आर्थिक मदद नहीं कर रहा। फीस मांगने पर



उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया और एक बार सार्वजनिक स्थान पर उसके कपड़े तक फाड़ दिए गए। बुधवार को वह अपनी शिकायत लेकर खैर थाने गई थी। वहां उसे पूरे दिन बैठाए रखा। बाद में यह कहकर वापस भेज दिया गया कि संबंधित अधिकारी अवकाश पर हैं और दो दिन बाद आना। सेजल का आरोप है कि उसने पुलिस को अपनी मानसिक स्थिति और आत्मघाती कदम उठाने की आशंका के बारे में भी बताया था, लेकिन उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। युवती के मामा भगवान स्वरूप अग्रवाल ने बताया कि परिवार में लंबे समय से विवाद चल रहा है। उनका आरोप है कि युवती को घर में रहने और खर्च के लिए पैसे तक नहीं दिए जा रहे हैं। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिला अस्पताल के डॉक्टर वैभव जैन ने बताया कि युवती को सिविल लाइंस पुलिस अस्पताल लेकर आई थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उसने आत्मदाह का प्रयास किया था, लेकिन समय रहते उसे बचा लिया गया। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। युवती और उसके परिजनों के आरोपों की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

# नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,अलीगढ़ महोदय के निर्देशन में जनपद में गठित एण्टी रोमियो टीमों/मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के द्वितीय चरण के तहत सशक्तीकरण/ विश्वास का वातावरण बनाने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन हेतु जनपद में महिला सुरक्षा एवं मनचलों, शोहदों द्वारा छेडछाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत बाजारों, कोचिंग सेन्टर, पार्क, बस स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन आदि भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों के आसपास भ्रमणशील रहकर सतत निगरानी रखी जा रही है ।

महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की



दिशा में चलाई जा रही महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न वूमेन पावर हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181 व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर ,फेसबुक इंस्टाग्राम) आदि का सतर्कतापूर्ण उपयोग करने संबंधी जानकारियां देते हुए जागरूक किया जा रहा है तथा किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करने हेतु बताया जा रहा है ।
मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सु?क्षा विशेष दल द्वारा गाँवों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज/सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है ।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदार बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अलीगढ़ के निदेर्शानुसार जनपद के समस्त थानों को रोस्टर जारी कर यातायात जनजागरूकता कार्यक्रम की गई शुरूआत। परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रत्येक थाने पर गोष्ठी आहूत कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदार बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्गत निदेर्शों के अनुपालन में जनपद के सभी थानों में क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी व यातायात पुलिस, क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के कार्मिकों और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रोस्टर के अनुसार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये । जिसमें स्थानीय संभ्रान्त नागरिकों, ट्रान्सपोर्ट यूनियन, स्कूली वाहन संचालकों, व्यापारियों, युवाओं एवं वाहन चालकों को थानों पर एकत्रित कर सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात नियमों, प्रधानमंत्री राहत योजना, राहवीर योजना आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

# विश्व सीपीआर दिवस पर होप हॉस्पिटल में जीवनरक्षक सीपीआर प्रशिक्षण का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** विश्व सीपीआर दिवस के अवसर पर रामघाट रोड स्थित होप हॉस्पिटल, अलीगढ़ में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स अलीगढ़ शाखा के सहयोग से एक महत्वपूर्ण सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवनरक्षक सीपीआर तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था।




कार्यक्रम की मुख्य प्रशिक्षक अलीगढ़ की वरिष्ठ एवं प्रख्यात एनेस्थेटिस्ट डॉ. नीता सक्सेना रहीं। उन्होंने सीपीआर की प्रत्येक प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए बताया कि समय पर और सही तकनीक से दिया गया सीपीआर किसी भी व्यक्ति का जीवन बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से नियमित रूप से ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर आईएपी अलीगढ़ शाखा के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बंसल, सचिव डॉ. अभिषेक शर्मा एवं कोषाध्यक्ष डॉ. नीलम मंधार सहित अलीगढ़ के अनेक वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे। सभी ने विश्व सीपीआर दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी के साथ-साथ आम नागरिक को भी सीपीआर का प्रशिक्षण मिलना चाहिए, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक से अधिक लोगों का जीवन बचाया जा सके। कार्यक्रम डॉ योगेन्द्र द्विवेदी ,डॉ संजीव कुमार और डॉ अनूप कुमार के कुशल निर्देशन में हुआ।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 20 लाभार्थियों के खातों में 89.75 लाख रुपये की सहायता राशि हस्तांतरित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत जिले के 20 स्वीकृत लाभार्थियों के बैंक खातों में 89 लाख 75 हजार रुपये की सहायता राशि ई-पेमेंट के माध्यम से हस्तांतरित कर दी गई है। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप



पात्र किसानों एवं उनके आश्रितों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।
जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना किसानों एवं उनके परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है। योजना के तहत कृषि कार्य अथवा अन्य निर्धारित परिस्थितियों में दुर्घटना के कारण किसान की मृत्यु होने पर उसके पात्र आश्रितों को 5 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वहीं दुर्घटना में स्थायी दिव्यांगता होने पर दिव्यांगता के प्रतिशत के आधार पर 1 लाख से 5 लाख रुपये तक की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है।
उन्होंने बताया कि राजस्व परिषद द्वारा जिले को योजना के लिए 7 करोड़ 86 लाख 70 हजार रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इसी के क्रम में स्वीकृत 20 दावों के सापेक्ष कुल 89.75 लाख रुपये की सहायता राशि संबंधित लाभार्थियों के खातों में भेज दी गई है। इनमें अधिकांश मामलों में मृतक किसानों के आश्रितों को 5-5 लाख रुपये की सहायता दी गई है, जबकि दो दिव्यांग किसानों को उनकी दिव्यांगता के प्रतिशत के अनुसार 1.25 लाख रुपये एवं 2.50 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई है।
जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना किसानों के परिवारों को संकट की घड़ी में आर्थिक संबल प्रदान करती है। दुर्घटना के कारण परिवार पर आने वाले आर्थिक संकट को कम करने में यह योजना अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि अप्रिय दुर्घटना की दुःखद स्थिति में निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें।
**डीएम ने दिए आवश्यक निर्देशः**
जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं लेखपालों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाले प्रत्येक पात्र दावे का निर्धारित समय सीमा में स्थलीय सत्यापन कर आवश्यक आख्या एवं संस्तुति समयबद्धता के साथ उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न होने पाए, ताकि पात्र किसानों एवं उनके आश्रितों को समयबद्ध ढंग से सहायता राशि उपलब्ध कराई जा सके।

## लगाया जाम — नगर निगम के कूड़ा वाहन और एक बाइक की मामूली टक्कर के बाद विवाद हो गया

# कूड़ा वाहन के चालक से मारपीट विरोध में सफाई कर्मचारियों ने लगाया जाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ नगर निगम के कूड़ा वाहन और बाइक टकराने के बाद विवाद शुरू हो गया। बाइक सवार ने कूड़ा वाहन चालक के साथ मारपीट कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और विरोध जताते हुए नादा पुल के पास खैर रोड बाईपास पर जाम लगा दिया।

गुरूवार थाना रोरावर क्षेत्र के नादा पुल के पास नगर निगम के कूड़ा वाहन और एक बाइक की मामूली टक्कर के बाद विवाद हो गया। हादसे में बाइक की पीछे की लाइट क्षतिग्रस्त हो गई। इसे लेकर बाइक सवार और कूड़ा वाहन चालक के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि बाइक सवार ने कूड़ा वाहन चालक के साथ मारपीट कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और विरोध जताते हुए नादा पुल के पास खैर रोड बाईपास पर जाम लगा दिया। बाद में कर्मचारी रोरावर थाने पहुंचे, जहां उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया।



सूचना पर पहुंचे सीओ प्रथम संजीव कुमार ने सफाई कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया। सीओ ने बताया कि सफाई कर्मचारियों की ओर से बाइक सवार के खिलाफ तहरीर दी जा रही है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# एएमयू के शिया थियोलॉजी विभाग में कर्बला की इंसानियत के नाम संदेश पर व्याख्यान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़.।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के शिया थियोलॉजी विभाग द्वारा ह्यकर्बलाः इंसानियत और नैतिक मूल्यों का विद्यालयह्न विषय पर



एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में कर्बला की शिक्षाओं की वर्तमान समय में न्याय, नैतिकता और मानवीय गरिमा की स्थापना में महत्ता पर प्रकाश डाला गया।

मुख्य वक्ता ईरान के प्रख्यात इस्लामी विद्वान मौलाना सैयद मुबीन हैदर रिजवी ने कहा कि आधुनिक दौर की बौद्धिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना करने के लिए धार्मिक तथा समकालीन ज्ञान का समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कर्बला केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों का ऐसा शाश्वत स्रोत है, जो मानवता को सत्य, न्याय और उच्च नैतिक आदर्शों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इससे पूर्व शिया थियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. (मौलाना) असगर एजाज कायमी ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि कर्बला त्याग, न्याय और नैतिक मूल्यों का सार्वभौमिक प्रतीक है, जिसकी शिक्षाएं आज भी समाज के लिए समान रूप से प्रासंगिक हैं।

# मुख्यमंत्री से सीएचसी सपनावत में 24 घंटे एमरजेंसी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । पूर्व विधायक नरेन्द्र शिशोदिया के पुत्र भानु सिंह उपाध्यक्ष भाजपा गाजियाबाद ने बताया इकहलेडी, भूढ़िया विघेपुर , दहीर पुर, रज्जाकपुर, नरेना, कपूरपुर , ग्रामीण अंचलों में लाखों जन संख्या है । जिन्हें एमर्जेंसी में काफी परेशानी सामना करना पड़ता है । समस्त क्षेत्रवासी कई बार प्रशासन को भी अवगत करा चुके हैं ।



मुरादनगर में पूर्व मंत्री स्व राजपाल सिंह त्यागी की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सपनावत को 24 घंटे आपातकालीन सुविधाओं को लागू करने की मांग की गई । जिसमें ज्ञापन सौंपा गया । उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि भाजपा के पूर्व विधायक स्व नरेन्द्र शिशोदिया के पैतृक गांव डहाना सहित सपनावत , नारायणपुर , मतनावली, चचोई, छज्जूपुर , सिरोधन, सालेपुर , कोटला, बड़ौदा सिहानी, बझेड़ा कला , लेकिन सपनावत सीएचसी में एमरजेंसी सुविधा प्रारंभ नहीं हुई । अब स्वयं मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद उम्मीद जगी है कि जल्द ही सपनावत में एमरजेंसी सुविधा सुचारू हो । वही भानु शिशोदिया के इस सार्थक प्रयास की सपनावत के ग्रामीण ठाकुर बृजेश गहलौत, मनोज शर्मा, हर्ष शर्मा, रोहित शर्मा, मयंक शर्मा, राहुल शिशोदिया, प्रवीण सिंह, लोकेश राणा, सुमित शिशोदिया, योगेश सिंह, मोनू राणा, सचिन गुप्ता, शिवम राणा, अश्वनी सिंह, राकेश राणा ने सराहना की है ।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में "जीनोविया- आईएसएआर राष्ट्रीय पीजी शिक्षण पहल" के अंतर्गत राष्ट्रीय सीएमई का सफल आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़** । सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल (सिम्स), हापुड़ के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा "जीनोविया-

**सहायक प्रजनन तकनीक (एआरटी) एवं बांझपन प्रबंधन पर विशेषज्ञों ने साझा किया नवीनतम ज्ञान, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग**

आईएसएआर राष्ट्रीय पीजी शिक्षण पहल" के अंतर्गत सहायक प्रजनन तकनीक (एआरटी) एवं बांझपन प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक कार्यक्रम का उद्देश्य स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के ज्ञान, नैदानिक कौशल एवं आधुनिक प्रजनन चिकित्सा की समझ को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों एवं विशेषज्ञों के बीच संवाद, अनुभव साझा करने तथा साक्ष्य-आधारित चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। सीएमई में बांझपन प्रबंधन के संपूर्ण विषय को वैज्ञानिक एवं





व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रजनन शरीर क्रिया विज्ञान, ओवेरियन रिजर्व असेसमेंट, कंट्रोल्ड ओवेरियन स्टिम्युलेशन प्रोटोकॉल, आईवीएफ लैब वर्कफ़्लो, भ्रूण विकास, पुरुष बांझपन, इंफर्टिलिटी अल्ट्रासाउंड, एआरटी की जटिलताएं, नैतिक एवं कानूनी पहलुओं सहित प्रजनन चिकित्सा के भविष्य पर विस्तृत व्याख्यान दिए गए।

कार्यक्रम में देश की प्रतिष्ठित प्रजनन चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। डॉक्टर ईशा, आईवीएफ विशेषज्ञ, लोकप्रिय हॉस्पिटल, मेरठ ने सत्र 0, 2, 4, 5 एवं 6 का संचालन करते हुए बांझपन के आधुनिक उपचार, आईवीएफ प्रक्रियाओं एवं क्लीनिकल अनुभवों पर विस्तृत जानकारी दी। डॉक्टर नीति विजय, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं आईवीएफ विशेषज्ञ, द क्लीनिक्स, ग्रीन पार्क, नई दिल्ली ने सत्र 1 एवं 3 में आधुनिक आईवीएफ तकनीकों, साक्ष्य-आधारित बांझपन प्रबंधन तथा प्रजनन चिकित्सा के नवीनतम आयामों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में इंटरैक्टिव व्याख्यान, क्लीनिकल केस चर्चा, शैक्षणिक वीडियो, केस-आधारित शिक्षण तथा प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए गए, जिससे प्रतिभागियों को जटिल चिकित्सीय विषयों को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। विशेषज्ञों के साथ संवाद ने विद्यार्थियों के ज्ञान एवं आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि की इस राष्ट्रीय सीएमई में विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों एवं फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# कांग्रेस नेता दीपक कुलदीप आत्रेय को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ )।** उत्तर प्रदेश में विभिन्न दलों, छात्र और किसान आंदोलनों को लेकर सतर्क यूपी पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने धौलाना में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक कुलदीप आत्रेय को कस्बे की शिवपुरी स्थित उनके आवास पर सुबह से ही नजरबंद (हाउस अरेस्ट) रखा । दीपक आत्रेय ने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई पर गहरा रोष व्यक्त किया।



**भाजपा सरकार पर बोला हमला**

हाउस अरेस्ट के दौरान दीपक आत्रेय ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, "यह भाजपा सरकार युवाओं और छात्रों की जायज मांगों को उठाने और उनकी आवाज को मजबूत करने से कब तक रोकेगी। सरकार पुलिस बल के दम पर जनता के आंदोलनों को दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के नौजवान झुकने वाले नहीं हैं।"

उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा नहीं दे देते, तब तक यह आंदोलन ऐसे ही जारी रहेगा। उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस पार्टी के युवा और छात्र कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ इस छात्र आंदोलन का समर्थन करते रहेंगे और अपनी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रखेंगे।

# पुलिस निगरानी पर कांग्रेस और सपा ने जताई नाराजगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** प्रस्तावित दिल्ली कूच से पहले पुलिस की सतर्कता को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई। रजनीश त्यागी ने कहा कि पिछले 48 घंटे से उनके आवास के बाहर पुलिस की मौजूदगी रही, जिससे उनकी गतिविधियां प्रभावित हुईं। वहीं, समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष किशन सिंह तोमर ने भी दावा किया कि उनके डूहरी स्थित करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर केवल एहतियाती सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। कोतवाली प्रभारी अतुल चौहान ने बताया कि क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात





कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें पुलिस निगरानी में रखा गया और स्वतंत्र रूप से बाहर आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई। कांग्रेस नगर अध्यक्ष आवास पर पुलिस बल तैनात रहा और उन पर नजर रखी गई। दोनों नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों के विपरीत बताया। दूसरी ओर, पुलिस प्रशासन ने इन आरोपों को खारिज रही और किसी भी व्यक्ति के साथ अनुचित व्यवहार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में स्थिति पूरी तरह सामान्य और शांतिपूर्ण रही।

# बकाया गृहकर पर बड़ी राहत, 15 अगस्त से लागू होगी ओटीएस योजना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** नगर पालिका क्षेत्र के गृहकर, जलकर और सीवरकर बकायेदारों को जल्द बड़ी राहत मिलने जा रही है। उत्तर प्रदेश शासन ने लंबित करों की वसूली और करदाताओं को राहत देने के लिए 15 अगस्त से 15 दिसंबर 2026 तक एकमुश्त समाधान (ओटीएस) योजना लागू करने का फैसला किया है।



योजना के तहत 1 अप्रैल 2026 तक के बकाया कर की मूल धनराशि जमा करने पर ब्याज और सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। करदाता अपनी सुविधा के अनुसार बकाया राशि का भुगतान तीन किस्तों में भी कर सकेंगे। शासन ने सभी नगर निकायों को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, विशेष कर शिविर लगाने तथा ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

नगर पालिका परिषद पिलखुवा के अध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि ओटीएस योजना बकायेदारों के लिए सुनहरा अवसर है। उन्होंने नागरिकों से समय रहते योजना का लाभ उठाकर अपना बकाया कर जमा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि योजना के सफल संचालन के लिए नगर पालिका द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां और जनजागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

# बांझपन उपचार की आधुनिक तकनीकों पर सिम्स में राष्ट्रीय मंथन, विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में जीनोविया-आईएसएआर राष्ट्रीय पीजी शिक्षण पहल के तहत सहायक प्रजनन तकनीक एवं बांझपन प्रबंधन विषय पर राष्ट्रीय सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रख्यात विशेषज्ञों ने आधुनिक प्रजनन चिकित्सा से जुड़े नवीन शोध, आईवीएफ तकनीक और उपचार की नई संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।







मेरठ की आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. ईशा और नई दिल्ली की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीति विजय ने बांझपन के कारण, जांच, उपचार, भ्रूण विकास, पुरुष बांझपन, इंफर्टिलिटी अल्ट्रासाउंड तथा एआरटी से जुड़े नैतिक और कानूनी पहलुओं पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में क्लीनिकल केस डिस्कशन, इंटरैक्टिव सत्र और प्रश्नोत्तर के माध्यम से स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. पारिधि गर्ग ने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रम भावी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्थान की प्राचार्या डॉ. बरखा गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने आयोजन को चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए विभाग को बधाई दी।

**लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड**

**शिक्षा जगत में खुशी की लहर, दी बधाई**

# ढ़ाया धौलाना का मान, प्रो. वागीश दिनकर को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । जनपद के लिए गर्व का क्षण तब आया जब कस्बा धौलाना निवासी और आर.एस.एस. कॉलेज पिलखुवा के पूर्व प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो. वागीश दिनकर को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,

**कस्बा निवासी विहिप के बड़े नेता आचार्य पंडित रामनाथ शुक्ल के पुत्र है वागीश दिनकर**

मेरठ के 38वें दीक्षांत समारोह में ह्यलाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। शिक्षा, समाज और संस्कृति के क्षेत्र में उनके लंबे समय से किए जा रहे उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया।

दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी तथा कुलपति डॉ. संगीता शुक्ला ने संयुक्त रूप से प्रो. वागीश दिनकर को सम्मानित किया। समारोह में उपस्थित शिक्षाविदों और अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनका अभिनंदन किया।



इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रो. दिनकर के शैक्षणिक जीवन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता, सांस्कृतिक गतिविधियों के संवर्धन और सामाजिक उत्थान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उल्लेखनीय है कि प्रो. वागीश दिनकर वर्तमान में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में वरिष्ठतम आचार्य के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। उनके इस सम्मान से हापुड़ जनपद, आर.एस.एस. कॉलेज पिलखुवा तथा पूरे शिक्षा जगत सहित कस्बा धौलाना में हर्ष का माहौल है। शिक्षकों, विद्यार्थियों और समाज के विभिन्न वर्गों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे जनपद के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

# सावन की फुहारों संग सजा राष्ट्रीय काव्य मंच, कवियों ने शब्दों से बिखेरे भावों के रंग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था, अयोध्या धाम की मेरठ शाखा के तत्वावधान में सावन



पर्व पर ऑनलाइन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आया सावन झूम के का आयोजन किया गया। देशभर के कवि और कवयित्रियों ने श्रृंगार, प्रकृति, प्रेम, भक्ति और सावन की सुंदरता पर आधारित रचनाओं का प्रभावशाली पाठ कर श्रोताओं को काव्य रस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार अशोक गोयल चक्रवर्ती ने की। मुख्य अतिथि ऊषा सूद तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवयित्री बीना गोयल रहीं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अशोक गोयल चक्रवर्ती ने पिया मिलन की आस लगी है इन भीगी सी रातों में कविता सुनाकर खूब तालियां बटोरी। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु सहित कई राज्यों के रचनाकारों ने ऑनलाइन सहभागिता की। अंत में अतिथियों ने साहित्य के संरक्षण और नई पीढ़ी को हिंदी साहित्य से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजनों को आवश्यक बताते हुए आयोजन समिति की सराहना की।कार्यक्रम मे किरण अग्रवाल, योगेश वशिष्ठ, डॉ मनोज फगवाड़ी, डॉक्टर सुधा शर्मा, सतीश सहज, रामस्वरूप मयूरेश, नीरज सिंह, चुन्नी रस्तोगी, रीता गुगलानी, आशा विसरिया, ममता गुप्ता, मोनिका, संध्या श्रीवास्तव साझ, रजनी सिंह, गुलाब सिंह, सीमा मुकुंद अग्रवाल, सरिका मेहता, सुरेश कुमार बंछोर, किरण कुमारी, कुसुम लता, अशोक कुमार, प्रेमचंद सहित अनेक कवि व कवियित्रियों ने अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

## सम्पादकीय

# लाठी और आंसू गैस



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

'कॉकरोचों, को थका देने या उनके आंदोलन में "पाकिस्तान या चीन के हाथ" जैसे नैरेटिव्स के प्रचार से असली सवाल खत्म नहीं होंगे। बल्कि ऐसी सोच से ये प्रश्न व्यवस्था से मोहभंग का कारण बन सकते हैं।

पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था की खामियों के लिए जवाबदेही की मांग करने राजधानी आए छात्र-नौजवानों का बड़ा हिस्सा यह देखकर भौंचक था कि "जो पुलिस उनके लिए है", वही उन पर बेरहमी से लाठी क्यों चला रही है? उनकी बात सुनने के बजाय उन पर आंसू गैस के गोले क्यों दागे जा रहे हैं? किशोर वय छात्र-छात्राएं इस सवाल में उलझे नजर आए कि लोकतंत्र में अपनी बात कहने से उन्हें क्यों रोका जा रहा है? "इतना सब कुछ हो चुकने" के बावजूद किसी को जवाबदेह क्यों नहीं बनाया गया है? उन्हें यह देखकर भी हैरत हुई कि जब राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने उनकी बात और उन पर पुलिस कार्रवाई का मुद्दा उठाने की कोशिश की, तो मिनट भर के अंदर सदन को ही स्थगित कर दिया गया। इससे सवाल उठा कि संसद छात्र-नौजवान या जन समुदाय के किसी अन्य हिस्से को चिंताओं को व्यक्त और उन पर विचार-विमर्श का मंच अगर नहीं रह गई है, तो फिर पाठ्यपुस्तकों के जरिए प्रातिनिधिक लोकतंत्र के पढ़ाए गए तमाम गुण क्या महज किताबी हैं? अलग-अलग राज्यों के छोटे-बड़े शहरों में दिल्ली की घटनाओं के खिलाफ हुए स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शनों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये सवाल दूर-दराज तक पहुंच गए हैं। 'कॉकरोचों, को थका देने या उनके आंदोलन में "पाकिस्तान या चीन के हाथ" जैसे नैरेटिव्स के प्रचार से ये सवाल खत्म नहीं होंगे। बल्कि ऐसी सोच से ये प्रश्न व्यवस्था से गहरे मोहभंग का कारण बन सकते हैं। इसलिए सत्ता पक्ष को जन असंतोष से निपटने के पुराने तौर-तरीकों से बाहर निकलना चाहिए। दिल्ली में युवाओं की जैसी अप्रत्याशित भीड़ उमड़ी, वह संकेत है कि वो तौर-तरीके अब तेजी से असर खो रहे हैं। इसलिए असल सवालों से आंख मिलाने की जरूरत है। शिक्षा, अर्थव्यवस्था, एवं सामाजिक माहौल की परत-दर-परत दरकती ईंटों ने वो हालत पैदा की है, जिसमें छात्र-नौजवानों के सामने अवसरहीनता की विकट स्थिति खड़ी हुई है और उन्हें अपना भविष्य अंधकारमय लगने लगा है। उसी से उपजी हताशा का प्रतीकात्मक विस्फोट दिल्ली की सड़कों पर हुआ- इसे समझने की जरूरत है।

## आज का विचार



ज़िन्दगी एक बार मिलती है, बिल्कुल गलत है ।
सिर्फ मौत एक बार मिलती है,
जिन्दगी हर रोज़ मिलती है !

# चातुर्मास द्वार है आत्मोन्नति और जीवन-परिवर्तन का



स्वामी देवेन्द्र ब्रह्मचारी

भारत की आध्यात्मिक परम्पराओं ने मानव जीवन को केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं माना, बल्कि उसे आत्मबोध, चरित्र-निर्माण और चेतना के उत्कर्ष की यात्रा के रूप में देखा है। इसी दृष्टि का एक अद्वितीय और कालजयी उपहार है चातुर्मास। यह केवल चार महीनों का धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा के परिष्कार, मन के अनुशासन, विचारों की निर्मलता और जीवन के पुनर्निर्माण का एक स्वर्णिम कालखण्ड है। 25 जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाला चातुर्मास केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिये ही नहीं बल्कि हिन्दू धर्म के प्रत्येक व्यक्ति को यह दुर्लभ अवसर देता है कि वह बाहरी उपलब्धियों की दौड़ से कुछ क्षण विराम लेकर अपने भीतर के सत्य से साक्षात्कार करे। जब वर्षा की फुहारें धरती को हरित और उर्वर बनाती हैं, तब चातुर्मास मनुष्य के अंतर्मन को भी करुणा, शांति, विवेक और आत्मप्रकाश से सिंचित करने का निमंत्रण देता है। यदि वर्षा प्रकृति का नवजीवन है तो चातुर्मास चेतना का नवजागरण है। यह वह ऋतु है जिसमें केवल शरीर का नहीं, बल्कि आत्मा का शोधन और संस्कार होता है।

चातुर्मास को यदि आध्यात्मिक प्रशिक्षण शिविर कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। जिस प्रकार किसी सैनिक को युद्धभूमि के लिए तैयार किया जाता है, उसी प्रकार चातुर्मास मनुष्य को जीवन के संघर्षों में संतुलित, संयमी और जागरूक बनने का अभ्यास कराता है। यह आत्मबल अर्जित करने का समय है, जहाँ मनुष्य स्वयं को भीतर से इतना सशक्त बनाता है कि परिस्थितियाँ उसे विचलित न कर सकें। यही कारण है कि भारतीय ऋषियों और जैन आचार्यों ने इस अवधि को आत्मविकास की सर्वश्रेष्ठ प्रयोगशाला माना। जैन परम्परा में चातुर्मास का विशेष महत्व है। वर्षा ऋतु में साधु-साध्वियाँ एक स्थान पर निवास कर ध्यान, स्वाध्याय, तप और धर्मोपदेश के माध्यम से समाज को नैतिक और आध्यात्मिक दिशा प्रदान करते हैं। उनका स्थिर निवास केवल परम्परा नहीं, बल्कि अहिंसा का महान प्रयोग है। वर्षा में असंख्य सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते हैं; इसलिए अनावश्यक भ्रमण से बचकर वे जीवन के प्रत्येक रूप के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देते हैं। यह पर्यावरण-संरक्षण और जैव विविधता के सम्मान का ऐसा उदाहरण है, जिसकी प्रासंगिकता आज के वैश्विक पर्यावरण संकट में और भी बढ़ जाती है।

चातुर्मास का वास्तविक उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठानों का पालन नहीं, बल्कि स्वयं को बदलना है, स्वयं की आत्मा का उन्नयन करना है। संसार को बदलने की आकांक्षा रखने वाला व्यक्ति यदि स्वयं नहीं बदलता, तो उसका प्रयास अधूरा रह जाता है। इसलिए चातुर्मास पहले स्वयं को साधने का आह्वान करता है। यह आत्मा की ओर लौटने की यात्रा है, जहाँ व्यक्ति अपने दोषों को पहचानता है, दुर्बलताओं का सामना करता है और अपने भीतर छिपी दिव्यता को जागृत करता है। इन चार महीनों में ध्यान, साधना, मौन, स्वाध्याय, जप, तप, योग, प्राणायाम, सामायिक, प्रतिक्रमण, व्रत, उपवास और संयम जैसे अनेक आध्यात्मिक उपक्रम किए जाते हैं। इनका उद्देश्य केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म को संतुलित करना है। आधुनिक मनोविज्ञान भी स्वीकार करता है कि ध्यान और मौन मनुष्य के तनाव को कम करते हैं, मानसिक स्पष्टता बढ़ाते हैं और निर्णय क्षमता को परिष्कृत करते हैं।



भारतीय आध्यात्मिक परम्पराएँ हजारों वर्षों से इन्हीं प्रयोगों के माध्यम से मनुष्य को भीतर से स्वस्थ और समर्थ बनाती रही हैं।

चातुर्मास का सबसे बड़ा संदेश है-आत्मबोध। जब मनुष्य स्वयं को पहचान लेता है, तब उसके जीवन की दिशा बदल जाती है। आत्मबोध से सम्यक दर्शन उत्पन्न होता है, सम्यक दर्शन से सम्यक ज्ञान और सम्यक ज्ञान से सम्यक चरित्र का निर्माण होता है। यही जैन दर्शन की आधारशिला है। यह दर्शन केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। इन चार महीनों में व्यक्ति यदि सत्यनिष्ठा, निष्काम कर्म, अनाग्रह, अपरिग्रह, अभय, समता, सहिष्णुता और अहिंसा को अपने जीवन का हिस्सा बना ले, तो उसका संपूर्ण व्यक्तित्व बदल सकता है। सत्यनिष्ठा विश्वास का निर्माण करती है, निष्काम कर्म अहंकार को समाप्त करता है, अपरिग्रह जीवन को हल्का बनाता है, अनाग्रह संबंधों में मधुरता लाता है और अहिंसा मनुष्य को समस्त प्राणियों के प्रति संवेदनशील बनाती है।

चातुर्मास आत्मसंयम का भी अनुपम अवसर है। आज का युग उपभोग, प्रतिस्पर्धा और प्रदर्शन का युग बनता जा रहा है। इच्छाएँ अनंत हैं और संतोष दुर्लभ होता जा रहा है। ऐसे समय में चातुर्मास हमें सिखाता है कि सुख वस्तुओं की अधिकता में नहीं, बल्कि इच्छाओं की मयार्दा में है। जिसने स्वयं पर विजय प्राप्त कर ली, वही वास्तविक विजेता है। बाहरी संसार को जीतने से कहीं अधिक कठिन है अपने मन को जीतना, और चातुर्मास इसी आंतरिक विजय का महापर्व है। यह अवधि व्यक्ति में प्रतिबद्धता, विनम्रता, सरलता, श्रद्धा, सकारात्मक दृष्टिकोण, दृढ़ संकल्प, धैर्य, संतुलन और सहजानंद का विकास करती है। जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी जो व्यक्ति संतुलित रहता है, वही सच्चा साधक है। चातुर्मास हमें कर्म और अकर्म के बीच संतुलन स्थापित करना सिखाता है। यह बताता है कि सक्रिय रहना आवश्यक है, परंतु आसक्ति से मुक्त रहना उससे भी अधिक आवश्यक है।

आध्यात्मिक उन्नति का अर्थ संसार से पलायन नहीं, बल्कि संसार के बीच रहते हुए अपने भीतर की पवित्रता को सुरक्षित रखना है। गृहस्थ भी चातुर्मास को उतनी ही सार्थकता से जी सकता है जितना कोई साधु। यदि वह प्रतिदिन कुछ समय ध्यान करे, मौन का अभ्यास करे, क्रोध और कटुता पर नियंत्रण रखे, क्षमा और कृतज्ञता का अभ्यास करे, भोजन एवं उपभोग में संयम अपनाए तथा सेवा और दया को जीवन का हिस्सा बनाए, तो उसका प्रत्येक दिन साधना बन सकता है। चातुर्मास का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण पक्ष है आत्मिक शक्तियों का विकास। भारतीय दर्शन मानता है कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर असीम संभावनाएँ विद्यमान हैं। ध्यान, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से चेतना का ऐसा विस्तार संभव है, जहाँ व्यक्ति असाधारण धैर्य, विवेक, अंतर्दृष्टि, करुणा और अतीन्द्रिय संवेदनशीलता का अनुभव करता है। यह कोई चमत्कार नहीं, बल्कि आत्मशक्ति के जागरण का परिणाम है।

आज जब मानवता तनाव, हिंसा, असहिष्णुता, पर्यावरण संकट, नैतिक पतन और मानसिक अशांति जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब चातुर्मास का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है। यह हमें याद दिलाता है कि विश्व-शांति की शुरूआत व्यक्ति के मन की शांति से होती है। यदि मनुष्य स्वयं शांत होगा तो परिवार शांत होगा, परिवार शांत होगा तो समाज शांत होगा और समाज शांत होगा तो विश्व में स्थायी शांति स्थापित होगी। चातुर्मास किसी एक सम्प्रदाय की सीमाओं में बंधा हुआ पर्व नहीं है। इसका मूल संदेश सार्वभौमिक है। यह प्रत्येक व्यक्ति को आमंत्रित करता है कि वह अपने भीतर की श्रेष्ठता को जागृत करे। चाहे वह किसी भी धर्म, संस्कृति या विचारधारा से जुड़ा हो, यदि वह सत्य, अहिंसा, करुणा, आत्मसंयम, नैतिकता और जागरूकता को अपनाता है तो वह चातुर्मास की आत्मा को जी रहा है।

# सादगी, ईमानदारी और जनसेवा की मिसाल थे विधायक आलम बदी आजमी

उत्तर प्रदेश की राजनीति के एक बेहद सम्मानित और सरल व्यक्तित्व, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ विधायक जनाब आलम बदी आजमी अब हमारे बीच नहीं रहे। आजमगढ़ जनपद की निजामाबाद विधानसभा सीट से पाँच बार विधायक रहे आलम बदी साहब का निधन प्रदेश की राजनीति और जनसेवा के क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से समाजवादी पार्टी के साथ-साथ पूरे प्रदेश में शोक की लहर है।

आलम बदी आजमी का राजनीतिक जीवन सादगी, ईमानदारी और जनता के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा। उन्होंने वर्ष 1996 में पहली बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीतकर अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। इसके बाद वे पाँच बार निजामाबाद विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए जनता की आवाज विधानसभा तक पहुँचाते रहे।



राजनीति में रहते हुए भी उन्होंने कभी सादगी का दामन नहीं छोड़ा। वे अक्सर स्कूटर या साधारण साधनों से विधानसभा पहुँचते थे। बिना किसी तामझाम के आम लोगों के बीच रहना उनकी पहचान थी। यही कारण था कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर हर दल के नेता उनका सम्मान करते थे। राजनीति में आने से पहले आलम बदी आजमी ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और बिजली विभाग में जूनियर इंजीनियर के रूप में भी कार्य किया। बाद में उन्होंने नौकरी छोड़कर समाजसेवा और जनप्रतिनिधित्व का मार्ग चुना। उनकी लोकप्रियता का आधार केवल राजनीति नहीं, बल्कि जनता से उनका सीधा जुड़ाव और सहज व्यवहार था। हाल ही में वे उस समय भी चर्चा में आए थे, जब लगभग 76 वर्ष बाद अपने हाईस्कूल का प्रमाणपत्र लेने अपने पुराने विद्यालय पहुँचे। वहाँ उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और शिक्षा के महत्व पर प्रेरक संदेश दिया। यह घटना उनके शिक्षा-प्रेम और विनम्र व्यक्तित्व का एक और उदाहरण बनी। आलम बदी आजमी का जीवन इस बात का प्रमाण है कि जनसेवा के लिए दिखावे की नहीं, बल्कि निष्ठा, ईमानदारी और जनता के विश्वास की आवश्यकता होती है। उनका निधन उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक ऐसे युग का अंत है, जिसने सादगी और सेवा को अपनी सबसे बड़ी पूँजी बनाया।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**


**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# बुजुर्गों का सम्मान देश की स्वस्थ परंपरा बने,सामाजिक संतुलन में बुजुर्गों की महिती भूमिका'

यह विडंबना है जब मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगनशीलता और परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं। यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि इस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन,व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है।


वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे-धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो। इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं। जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता समाज में कम होने लगती है, वह समाज के लिए अनुपयोगी मान लिया जाता है और इस अवस्था में पहुंचने के बाद मानसिक तनाव की स्थिति बनने लगती है। लोगों के संपर्क में न रहना,



संजीव ठाकुर

सहयोगी तथा मित्रों की मृत्यु भी मानसिक तनाव का बड़ा कारण होती है। आत्मविश्वास की धीरे-धीरे कमी होने लगती है, जिससे मानसिक विकृति अकेलापन आदि जैसे रोगों का निर्माण होने लगता है। इस अवस्था में मान सम्मान की कमी की समस्या तो होती ही है, दूसरी तरफ सीमित तथा अल्प धन की उपलब्धता के कारण आर्थिक कष्ट भी वृद्धों को उठाना पड़ता है। इसके साथ ही परिवार तथा समाज की नजरों में व्यक्ति अनुपयोगी, बोझ, फालतू समझा जाने लगता है, जिससे बुजुर्ग व्यक्ति के मन में एक प्रकार की वितृष्णा आने लगती है। और कई बुजुर्ग इस अवहेलना को ना बर्दाश्त कर आत्महत्या तक कर बैठते हैं। जो व्यक्ति कुछ समय पहले तक महत्वपूर्ण था, विशिष्ट था वह अचानक ही बोझ समझा जाने लगता है। उसके मान सम्मान एवं भावनाओं का महत्व बहुत कम हो जाता है। भागदौड़ वाली इस जिंदगी में युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों से एक दूरी बनाना शुरू कर देती है और वह व्यक्ति अकेला ही रह जाता है। जब मनुष्य अपने को एकाकी समझने लगता है तो यह उसके जीवन का सर्वाधिक कठिन समय एवं पल होता है। आत्मविश्वास जनित प्रेरणा की कमी वृद्धावस्था को बोझिल बना देती है। व्यक्ति की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है, दूसरों पर निर्भरता बढ़ने लगती है। नई पीढ़ी द्वारा उसे अकेला छोड़ दिया जाता है। यही परिस्थिति वृद्धा अवस्था के लिए एक अभिशाप की तरह होती है। वृद्धावस्था में मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक कष्ट के प्रमुख कारणों में से संयुक्त परिवार का विघटन भी है। युवा पीढ़ी द्वारा अपने मां-बाप से अलग होकर रहने की चाहत हमारे देश में एक गंभीर समस्या पैदा करती है। वृद्ध व्यक्ति या दंपत्ति को जिस आयु में पुत्र, पुत्रियों की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है, ऐसे समय में पुत्र द्वारा उनकी देखभाल छोड़कर अलग रहने के लिए अलग मकान बनाना या किराए पर रहना, उस दंपत्ति या व्यक्ति को मानसिक रूप से प्रताड़ित भी करती है। भारत देश वही देश है यहां की संस्कृति में परिवार के बुजुर्ग को भगवान के समान माना जाता था, किंतु संयुक्त परिवार प्रणाली के विघटन के कारण आज की नई युवा पीढ़ी ना तो बड़ों के अनुशासन में रहना चाहती है नहीं उन्हें किसी प्रकार का आदर सम्मान देना चाहती है।

# माँ पढ़ेगी तो पीढ़ी आगे बढ़ेगी



डॉ. विजय गर्ग

किसी भी राष्ट्र का भविष्य केवल उसके विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और शिक्षकों पर निर्भर नहीं करता, बल्कि उस वातावरण पर भी निर्भर करता है जो बच्चों को अपने घरों में मिलता है। घर बच्चे की पहली पाठशाला होता है और माँ उसकी पहली शिक्षिका। इसलिए यह कहना बिल्कुल उचित है कि "माँ पढ़ेगी तो पीढ़ी आगे बढ़ेगी।" यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का एक सशक्त सूत्र है।बच्चे अपने माता-पिता, विशेषकर अपनी माँ, से सबसे अधिक सीखते हैं। वे केवल उनके शब्दों को नहीं सुनते, बल्कि उनके व्यवहार की नकल भी करते हैं। यदि बच्चे अपनी माँ को नियमित रूप से पुस्तकें, समाचार-पत्र, पत्रिकाएँ या अन्य ज्ञानवर्धक सामग्री पढ़ते हुए देखते हैं, तो उनके मन में भी पढ़ने की आदत स्वतः विकसित होने लगती है। यही आदत आगे चलकर उनके व्यक्तित्व, सोच और सफलता की मजबूत नींव बनती है।

आज का समय तकनीक का युग है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, टेलीविजन और इंटरनेट ने जीवन को आसान बनाया है, लेकिन इनकी अत्यधिक उपयोगिता ने पुस्तकों से दूरी भी बढ़ा दी है। पहले घरों में शाम के समय अखबार पढ़े जाते थे, कहानियाँ सुनाई जाती थीं और बच्चों के साथ मिलकर पढ़ाई की जाती थी। आज कई परिवारों में हर सदस्य अपने-अपने मोबाइल में व्यस्त दिखाई देता है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ने की आदत और एकाग्रता पर पड़ रहा है।अनेक शोध बताते हैं कि जिन बच्चों की माताएँ पढ़ने में रुचि रखती हैं, वे भाषा, गणित, विज्ञान और अन्य विषयों में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। ऐसे बच्चों की शब्दावली समृद्ध होती है, उनकी कल्पनाशक्ति अधिक विकसित होती है और वे समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से कर पाते हैं। नियमित रूप से पढ़ने वाले परिवारों में संवाद बेहतर होता है और बच्चों का आत्मविश्वास भी अधिक मजबूत होता है।

माँ का पढ़ना केवल बच्चों की शिक्षा तक सीमित नहीं है। एक पढ़ी-लिखी और जागरूक माँ स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, आर्थिक प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी अधिक सचेत होती है। वह अपने परिवार के लिए बेहतर निर्णय ले सकती है और बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित कर सकती है। इस प्रकार एक माँ की सीख पूरे परिवार और समाज के विकास का आधार बन जाती है।

यह आवश्यक नहीं कि माँ उच्च शिक्षित हो। यदि वह प्रतिदिन कुछ समय पुस्तक पढ़ने, अखबार देखने, बच्चों को कहानी सुनाने या उनके साथ बैठकर पढ़ने में लगाए, तो इसका सकारात्मक प्रभाव निश्चित रूप से दिखाई देगा। छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े परिवर्तन की शुरूआत करते हैं। विद्यालयों की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। स्कूलों को अभिभावक-पठन कार्यक्रम, पुस्तक मेले, कहानी-कथन प्रतियोगिताएँ, पुस्तकालय गतिविधियाँ और परिवार आधारित पठन अभियान चलाने चाहिए। समुदायों और सामाजिक संस्थाओं को भी महिलाओं में पढ़ने की संस्कृति विकसित करने के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए। यदि हर मोहल्ले और गाँव में पुस्तकालय तथा सामुदायिक पठन केंद्र सक्रिय हों, तो यह एक नई शैक्षिक क्रांति का आधार बन सकता है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता , डिजिटल तकनीक और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था के दौर में जीवनभर सीखते रहना आवश्यक हो गया है। यदि माताएँ स्वयं सीखने और पढ़ने की आदत बनाए रखेंगी, तो वे अपने बच्चों को भी बदलते समय के अनुरूप तैयार कर सकेंगी। शिक्षा अब केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह निरंतर सीखने की प्रक्रिया बन चुकी है।इतिहास गवाह है कि अनेक महान वैज्ञानिकों, साहित्यकारों, नेताओं और समाज सुधारकों की सफलता के पीछे उनकी माँ की प्रेरणा, शिक्षा और संस्कार रहे हैं। एक जागरूक माँ अपने बच्चों को केवल अक्षर ज्ञान ही नहीं देती, बल्कि उन्हें ईमानदारी, अनुशासन, संवेदनशीलता और मेहनत का महत्व भी सिखाती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हर घर में पुस्तकों के लिए एक छोटा-सा स्थान हो, परिवार प्रतिदिन कुछ समय सामूहिक रूप से पढ़ने के लिए निकाले और बच्चों के सामने पढ़ने की सकारात्मक संस्कृति विकसित की जाए। जब घरों में पुस्तकें लौटेंगी, तब बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और ज्ञान की प्यास भी बढ़ेगी। अंततः किसी भी समाज का भविष्य उसकी माताओं के हाथों में होता है। एक माँ जब पढ़ती है तो वह केवल स्वयं को शिक्षित नहीं करती, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान, संस्कार और प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त करती है। इसलिए यह कहना बिल्कुल उचित है कि "माँ पढ़ेगी तो पीढ़ी आगे बढ़ेगी।" यदि हमें एक शिक्षित, जागरूक, सशक्त और विकसित भारत का निर्माण करना है, तो हमें घर-घर में पढ़ने की संस्कृति को पुनर्जीवित करना होगा और प्रत्येक माँ को ज्ञान से जोड़ना होगा। यही आने वाले कल की सबसे बड़ी पूँजी होगी।

# शुक्रवार का राशिफल

**मेष** – गलती दोहराने से बचें, परिवार में अचानक झगड़ा हो सकता है, रत्न, बेकरी, लिक्विड व्यवसाय में प्रगति होगी, कम्प्यूटर, फोटो स्टेट,फोटोग्राफी कार्य बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-56

**वृषभ** – इंकम टैक्स का कार्य निपटा ले, माँ की तरफ से विवाह प्रस्ताव आ सकता है, फाइनेंस विषय में तैयारी अच्छी करें, बाहरी लोगों से मतभेद सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-54

**मिथुन** – भटकी हुई विचारधारा रहेगी, माँ से सहयोग मिलेगा, किसी कोर्स को करने पर बीच में ही मन उखड़ सकता है, विदेश जाने की परीक्षा में समस्या आ सकती है। भाग्य प्रतिशत-49

**कर्क** – शांति और डिप्लोमेटिक सोच के साथ कार्य करेंगे, विद्या में परेशानी अनुभव होगी, गर्मी से बचे बालो में परेशानी होगी, घर में मेहमान आयेंगे। भाग्य प्रतिशत-60

**सिंह** – ठण्डी जगह की यात्रा कर सकते है, किसी सामाजिक संस्था से जुड़ने का अवसर मिलेगा, जीवनसाथी के सामने भावुक होंगे। भाग्य प्रतिशत-74

**कन्या** – नौकरी में मुश्किल स्थिति होगी, सेहत को लेकर भी सजग रहे, कोई डील फाइनल होने में विलंब सम्भव हैं, किसी क्षेत्र में चयन होगा। भाग्य प्रतिशत-50

**तुला** – पत्नि से बातचीत नोकझोंक में बदल सकती हैं, धन को ज्यादा से ज्यादा बचायेंगे, नौकरी में स्थिति सुधरेगी, धर्म कर्म करेंगे। भाग्य प्रतिशत-52

**वृश्चिक** – आवेश से बचना होगा, ज्यूडिशियल कार्य में कड़ा फैसला देंगे, किसी पर अपनी मनमानी ना थोपे, उच्च रक्तचाप का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-53

**धनु** – थोड़ा असहज महसूस कर सकते है, बातचीत विवाद में ना बदले ध्यान रखें, व्यवसाय में काफी परिश्रम करना होगा आर्थिक मंदी दूर होगी। भाग्य प्रतिशत-52

**मकर** – व्यवसाय को आगे बढ़ायेंगे, पत्नी से प्रेम बढ़ेगा, किसी बात पर शॉर्ट टेंपर अचानक से हो सकते है, तकनीकी शिक्षा में ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-54

**कुंभ** – भाई से मतभेद नाराजगी सम्भव है, अपना मकान बनाने में थोड़ी परेशानी होगी, नौकरी में सब पर आसानी से भरोसा ना करें। भाग्य प्रतिशत-48

**मीन** – विवाद बढ़ सकते है ऐसे लोगों से थोड़ी दूरी बनाए,संतान के सेटलमेंट के प्रति चिंता बढ़ेगी, अपनी बात को गुप्त ही रखें। भाग्य प्रतिशत-51



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर को कथित हाउस अरेस्ट किए जाने पर भाकियू महाशक्ति में नाराजगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बुलंदशहर।** भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर को पिछले चार दिनों से कथित तौर पर हाउस अरेस्ट किए जाने को लेकर संगठन में नाराजगी देखने को मिल रही है। इस कार्रवाई के विरोध में संगठन के पदाधिकारियों ने कड़ी आपत्ति जताई और इसे लोकतांत्रिक अधिकारों के विरुद्ध बताया।

भाकियू महाशक्ति के पदाधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर को पिछले चार दिनों से उनके घर पर ही रोका गया है। संगठन ने इस कार्रवाई की निंदा करते हुए दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हो रहे कथित अत्याचार के विरोध में अपना समर्थन दर्ज कराया। संगठन का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी नागरिकों को अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखने का अधिकार है और छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास उचित नहीं है। पदाधिकारियों ने कहा कि छात्रों के मुद्दों पर सरकार को संवेदनशीलता के साथ विचार करना चाहिए। भाकियू महाशक्ति ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर को कथित हाउस अरेस्ट किए जाने का विरोध जारी रहेगा और छात्रों के समर्थन में संगठन का आंदोलन भी आगे जारी रखा जाएगा।

# भारत का युवा ही कल के भारत का निर्माता है: तेजस्वी सूर्या

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**गाज़ियाबाद।** काईट मानद विश्व विद्यालय के 21 दिवसीय फ्रेशमैन इंडक्शन प्रोग्राम - 2026 के तहत गुरुवार को आयोजित काईट नॉलेज सीरीज में बेंगलुरु दक्षिण से सांसद एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री तेजस्वी सूर्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "भारत का युवा ही कल के भारत का निमार्ता है।"

उन्होंने छात्रों से ज्ञान, तकनीकी कौशल, नेतृत्व क्षमता और नवाचार की सोच विकसित करने का आह्वान किया, ताकि वे विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर कर्नाटक से सांसद कैप्टन बृजेश चौटा तथा गाज़ियाबाद के सांसद एवं काईट मानद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अतुल गर्ग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नागराज रामराव एवं प्रो-कुलपति डॉ. मनोज गोयल ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर तेजस्वी सूर्या ने कहा कि, आज के युवाओं को केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि आजीवन सीखने की प्रवृत्ति, तार्किक सोच, उद्यमिता और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बदलती तकनीक के इस दौर में वही युवा आगे बढ़ेगा, जो निरंतर स्वयं को नई तकनीकों और कौशलों के अनुरूप विकसित करेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर श्री सूर्या से संवाद किया। परीक्षा में पेपर लीक और नीट परीक्षा से जुड़े प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने कहा कि सरकार इन चुनौतियों के स्थायी समाधान के लिए व्यापक और दीर्घकालिक सुधारों पर कार्य कर रही है। उन्होंने संसद में प्रस्तुत परिसीमन विधेयक-2026, महानगरों के विकास तथा संतुलित क्षेत्रीय विकास जैसे विषयों पर भी अपने विचार साझा किए।

भारत की तकनीकी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए श्री सूर्या ने स्काईरूट एयरोस्पेस जैसी भारतीय निजी अंतरिक्ष कंपनी की सफलताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत का निजी अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक स्तर पर तेजी से अपनी पहचान बना रहा है और युवाओं के लिए अनुसंधान, डीप टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप तथा नवाचार के क्षेत्र में असीम संभावनाएँ मौजूद हैं।

# सरधना विधायक अतुल प्रधान पहुंचे जंतर-मंतर, बांटे फल और दवाएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मेरठ।** मेरठ के सरधना से समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्रों के आंदोलन में शामिल हुए। उन्होंने आंदोलनरत छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और मांगों की जानकारी ली। इस दौरान सपा नेता बिल्लू प्रधान भी उनके साथ मौजूद रहे। अतुल प्रधान अपने साथ आंदोलन कर रहे छात्रों के लिए फल और दवाएं लेकर पहुंचे। उन्होंने धरनास्थल पर छात्रों के बीच फल और अन्य जरूरी सामग्री वितरित की। विधायक ने कहा कि जंतर-मंतर पर देश के भविष्य के लिए छात्र आंदोलन कर रहे हैं। उनका आंदोलन शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की मांग से जुड़ा है और इसमें सभी को अपना योगदान देना चाहिए।

**बोले-छात्र और नौजवानों के साथ खड़े रहेंगे**

अतुल प्रधान ने सामाजिक माध्यम पर पोस्ट कर छात्रों के आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वह छात्र और नौजवानों के साथ हमेशा खड़े हैं। उन्होंने लिखा कि जो लोग अपने अधिकारों की लड़ाई में हर मुश्किल से टकराते हैं, वही इतिहास बनाते हैं। संघर्ष करने वाले युवाओं के साथ खड़े रहने की बात भी उन्होंने कही।

# रेलवे इंजन से लाखों के लॉक चोरी करने वाला गिरोह दबोचा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


प्रतीकात्मक चित्र

**मोदीनगर ( अनवर खान )।** रेलवे इंजनों से महंगे पीतल के हैंडल लॉक चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए रेलवे पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के 27 हैंडल लॉक बरामद किए हैं। जिनकी अनुमानित कीमत करीब 16 लाख रुपये से अधिक बताई गई है। मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

रेलवे पुलिस निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि रेलवे इंजनों से लगातार हैंडल लॉक चोरी होने की घटनाओं के बाद विशेष टीम गठित कर निगरानी बढ़ाई गई थी। जांच के दौरान मंगलवार को गिरफ्तार किए गए आरोपी रामप्रताप वर्मा से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर बुधवार शाम नंदग्राम निवासी अनिलवीर गौतम, विजय कुमार सोनी तथा मोहननगर निवासी अशरफ अली को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गिरोह का सरगना अनिलवीर गौतम है। जो करीब डेढ़ वर्ष पूर्व रेलवे में इंजीनियर पद से सेवानिवृत्त हुआ था। रेलवे की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी का फायदा उठाकर उसने गिरोह बनाया और ट्रैक पर खड़े इंजनों से हैंडल लॉक चोरी कराना शुरू कर दिया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि संदेह से बचने के लिए अनिलवीर गौतम रेलवे की वर्दी पहनता था, अपने पास फर्जी रेलवे पहचान पत्र रखता था और मोटरसाइकिल पर भी 'रेलवे' लिखवा रखा था। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों, चोरी के नेटवर्क और बरामद सामान के संबंध में आगे की जांच कर रही है।

# जंतर-मंतर जा रहे भाकियू इंडिया कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर ( अनवर खान )।** संसद मार्च के दौरान छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान मुनेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में दिल्ली जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे कार्यकताओं को गुरुवार सुबह तहसील के गांव मुरादाबाद के बाहर पुलिस ने रोक लिया। इसके बाद पहलवान मुनेंद्र गुर्जर ने तहसीलदार रजत सिंह को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा और मामले में हस्तक्षेप की मांग की।

ज्ञापन में संगठन ने संसद मार्च के दौरान छात्रों और आंदोलनकारियों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में कथित अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, आंदोलनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, महिलाओं एवं बच्चों के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामलों में संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करने तथा प्रदर्शन के दौरान घायल लोगों के निःशुल्क उपचार और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई।

इस दौरान पहलवान मुनेंद्र गुर्जर ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। उन्होंने कहा कि यदि जनहित से जुड़े आंदोलनों पर दमनात्मक कार्रवाई की जाती है तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने मांगों पर शीघ्र निर्णय न होने की स्थिति में आंदोलन को और व्यापक करने की चेतावनी भी दी।

इस अवसर पर पहलवान मुनेंद्र गुर्जर के अलावा आनंद विकल, संजीव राणाजी, मोहित बैंसला, संदीप पहलवान, अमित भड़ाना, अनिल गुमी, नितिन गुर्जर, गजेंद्र मुदगलजी, अक्षय चौधरी, सतेंद्र शर्मा, विशेष गोपी सिंह, नवनीत बैंसला, प्रदीप नेहरा, प्रमोद राणाजी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आरटीई प्रवेश में लापरवाही पर सीडीओ सख्त: तीन दिन में पात्र बच्चों का दाखिला लें, अन्यथा मान्यता समाप्ति व स्कूल सील की होगी कार्रवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गाजियाबाद ( आशा चौधरी )।** दुर्गावती सभागार विकास भवन में आर टी ई दाखिला योजना में बच्चों का दाखिला नहीं लेने वाले स्कूलों को बुलाया गया बैठक की अध्यक्षता सीडीओ कुमार सौरभ द्वारा की गई बैठक में जनपद के 17 डिफाल्टर स्कूलों को बुलाया गया इन स्कूलों में डीपीएस मेरठ रोड के आर मंगलम स्कूल वैशाली डीपीएस सिद्धार्थ विहार जिंदल पब्लिक स्कूल शॉर्यपुरम ईस्ट दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रताप विहार , सेंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल मोरटा एलन हाउस स्कूल वसुंधरा गौतम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार ,रोज वैली पब्लिक स्कूल बाईपास विजय नगर, तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल भोजपुर , चिल्ड्रन अकैडमी प्रताप विहार और सी पी आर्य पब्लिक स्कूल स्वर्ण जयंतीपुरम को बुलाया गया सीडीओ ने मीटिंग में एक-एक स्कूल में हुए दाखिलों की समीक्षा की। सबसे पहले डीपीएस मेरठ रोड और डीपीएस सिद्धार्थ विहार स्कूलों को दाखिले नहीं लेने पर फटकार लगाई गई। इसके बाद अन्य सभी स्कूलों को एडमिशन लेने का निर्देश दिया गया जिन स्कूलों ने अभिभावकों के घर के पतो कीवेरिफिकेशन की थी या उनसे बैंक स्टेटमेंट मांगी थी उन सभी स्कूलों को कहा गया कि पात्र बच्चों का दाखिला अगले तीन दिनों के अंदर अवश्य ले लें ।सीडीओ महोदय ने निर्देश दिया कि इन सभी स्कूलों की मीटिंग मंगलवार को दोबारा बुलाई जाएगी और जो स्कूल उससे पहले बच्चों का दाखिला नहीं लेते हैं उनकी मान्यता खत्म करने की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी सीडीओ महोदय के अनुसार जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिया है कि जो स्कूल बच्चों का दाखिला नहीं लेंगे उनका स्कूल सील कर दिया जाएगा और विभाग द्वारा उनकी मान्यता खत्म करने की संस्तुति कर दी जाएगी। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव, खंड शिक्षा अधिकारी अभिषेक यादव और डीसी सामुदायिक सहभागिता अनुभव गुप्ता भी सम्मिलित हुए। अगली बैठक से पहले सभी स्कूलों को शेष बच्चों का दाखिला लेने हेतु निर्देशित किया गया है।

# नगरपालिका परिषद और ठेकेदार द्वारा घोर लापरवाही, कॉलोनी वासी परेशान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मुरादनगर। ( नासिर मंसूरी )** नगर के वार्ड 23 नया नूरगंज ईदगाह चौड़े खड़ंजे का दो महीने से रुक रुक कर निर्माण किया जा रहा है, पिछले दो महीने होने के बावजूद अभी तक आधी नाली भी नहीं बन पाई है। नाली नहीं बनने के कारण रोडपर फैली गन्दगी के कारण इस क्षेत्र में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। नाली निर्माण पिछले 15 दिनों से बंद पड़ा है। ठेकेदार द्वारा रास्ते पर पीली मिट्टी डाल दी गई है, जिस कारण फिसलन बन गई बच्चे और बड़े सब फिसल कर गिर रहे हैं। अगर मिट्टी फैलाकर उस पर रोड़ी डालदी जाती तो नर्क जैसे हालत ना बनते। काम चल रहा है या रुका पड़ा है, इस ओर हमारे जनप्रतिनिधि भी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस नेता एवं प्रमुख समाज सेवी महताब पठान ने इस बारे में अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा है कि ऐसा महसूस होता है ठेकेदार इस रास्ते को बनाने योग्य नहीं है। महताब पठान ने कहा कि इस रोड के नाली व सड़क निर्माण का काम एक से डेढ़ माह के बीच मुकम्मल होजाना चाहिए था, लेकिन दो महीने का टाइम गुजरने के बाद भी अभी तक नाली तक का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है, रोड बनना तो दूर की बात है। महताब पठान ने नगरपालिका मुरादनगर के अधिशासी अधिकारी मांग की है इस ठेकेदार का टेंडर निरस्त कर किसी दूसरे ठेकेदार को ठेका दिया जाए।

# मॉक ड्रिल से परखी गई नॉर्थ रैपिड स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**मोदीनगर ( अनवर खान )।** गुरुवार सुबह मोदीनगर नॉर्थ रैपिड स्टेशन पर फायर अलार्म बजने के बाद कुछ देर के लिए यात्रियों में हलचल मच गई। सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल स्टेशन खाली कराकर आपातकालीन सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया। बाद में एनसीआरटीसी ने स्पष्ट किया कि यह आपदा प्रबंधन के सुरक्षा मानकों और कर्मचारियों की तत्परता परखने के लिए आयोजित पूर्व निर्धारित मॉक ड्रिल थी। मॉक ड्रिल के दौरान सुबह करीब साढ़े नौ बजे फायर अलार्म बजते ही यात्रियों को तत्काल स्टेशन खाली करने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला तथा प्लेटफॉर्म की ओर जाने वाले लोगों को भी रोक दिया। इस दौरान स्टेशन परिसर में आपातकालीन सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत सभी व्यवस्थाओं की जांच की गई। एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई पूर्व निर्धारित मॉक ड्रिल का हिस्सा थी। उन्होंने कहा कि यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर रैपिड रेल के विभिन्न स्टेशनों पर इस प्रकार के अभ्यास कराए जाते हैं। ताकि आपात स्थिति में सुरक्षा कर्मियों की तत्परता, समन्वय और सुरक्षा मानकों की प्रभावशीलता का परीक्षण किया जा सके।

ड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद स्टेशन को पुनः यात्रियों के लिए खोल दिया गया और करीब 20 मिनट बाद रैपिड रेल सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होने लगी।

**मुठभेड़** — औजार बरामद कराने ले गई थी पुलिस, खेत में छिपाए तमंचे से फायरिंग का आरोप, जवाबी कार्रवाई में घायल हुआ आरोपी

# गौकशी के आरोपी से पुलिस की मुठभेड़, पैर में गोली लगने के बाद दबोचा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**सरधना।** गौकशी के मामले में गिरफ्तार आरोपी से औजार बरामद कराने गई सरधना पुलिस की गुरुवार को मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार आरोपी ने ईख के खेत में छिपाए गए तमंचे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी उजैफा पुत्र अनीस उर्फ गोला निवासी ग्राम रुहासा थाना दौराला, हाल निवासी फतेउल्लापुर थाना लोहियानगर है। वह थाना सरधना में दर्ज गौवध अधिनियम के मुकदमे में गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के बाद पुलिस उसे गौकशी में प्रयुक्त औजार बरामद कराने के लिए लेकर गई थी।

बताया गया कि ईख के खेत में पहले से छिपाकर रखे गए प्लास्टिक के बोरे से औजार निकालने के दौरान आरोपी ने वहीं छिपाए गए 12 बोर के तमंचे से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गंडासा, रस्सा सहित गौकशी के औजार, एक 12 बोर का तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। घायल आरोपी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस पर जानलेवा हमला और आयुध अधिनियम की धाराओं में एक और मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ मेरठ जनपद के विभिन्न थानों में गौवध अधिनियम और अन्य गंभीर धाराओं में पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# मेरठ मंडल में पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान, 50 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं पर सरकार का फोकस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मेरठ ( जावेद अब्बासी )।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मेरठ मंडल को पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। गुरुवार को आयुक्त सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने वर्ष 2026-27 की पर्यटन परियोजनाओं पर विस्तार से मंथन किया। बैठक में करीब 50.45 करोड़ रुपये की 27 परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ तय समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को पर्यटन से जोड़कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना चाहती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर और हापुड़ के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के विकास पर चर्चा हुई। प्रस्तावित परियोजनाओं में महाभारतकालीन गंगा मंदिर, विश्वनाथ महादेव मंदिर, मां चामुंडा देवी मंदिर, गुरु गोरखनाथ मंदिर, भूतेश्वर शिव मंदिर, मां संतोषी माता मंदिर सहित कई धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार की योजना शामिल है। इसके अलावा ब्रजघाट क्षेत्र के पर्यटन विकास को भी विशेष प्राथमिकता दी गई। संस्कृति विभाग की ओर से किठौर के रामलीला मैदान के विकास एवं सौंदर्यीकरण तथा बुलंदशहर के शिकारपुर में शहीद स्मारक निर्माण के प्रस्ताव भी बैठक में प्रस्तुत किए गए।


## अस्पताल के तहखाने में चला रहे, अवैध पैथोलॉजी लैब

# नोडल अधिकारी से बचने के लिए अवैध पैथोलॉजी लैब संचालकों ने निकाला नया तरीका

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


**बहजोई।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बचने के लिए पैथोलॉजी लैब संचालक नये नये तरीके आजमा रहे है,सडक किनारे,गली मौहल्ले आदि में ही तो पकड़ सकते हैं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तहखाने में नहीं।













पूरा मामला बहजोई के मौहल्ला कृष्ण कुंज में बने वृंदा हॉस्पिटल का है, अस्पताल के अंदर बने तहखाने में श्री जी नाम से एक अवैध रूप से पैथोलॉजी लैब संचालित हो रही है , लैब का कोई रजिस्ट्रेशन नही है और कोई एमबीबीएस एमडी पैथ नहीं है, मरीजों के साथ किया जा रहा है खिलवाड़।

**खास बात**

खास बात यह है की एक तो अवैध रुप से लैब संचालित हो रही है दूसरी वह भी तहखाने में चल रही आखिर स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी कैसे नही हुई या फिर जान कर अंजान बना बैठा है,अव देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस पर क्या कार्यवाही करता है।

**बात लैब की ही नहीं, अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर भी नहीं है डाक्टर**

अधिकांश अल्ट्रासाउंड सेंटर पर भी नहीं है उपलब्ध डाक्टर सभी चल रही है राम भरोसे अगर हम बात करें रिपोर्ट की तब हर अल्ट्रासाउंड सेंटर की रिपोर्ट अलग-अलग ही आएगी।

**बेसमेंट का खेल सिस्टम फेल**

अलग-अलग प्रदेशों से आई खबरों से भी स्वास्थ्य विभाग गहरी नींद से नहीं जागा बेसमेंट में हुई घटनाओं से सबक नहीं ले रहा स्वास्थ्य विभाग,शहर में दर्जनों अस्पताल चल रहे है बेसमेंट में और कार्यवाही के नाम पर केवल औपचारिकता।

# युवक ने दो सगी और एक मौसेरी बहन से हिन्दू रीति रिवाज के साथ चामुंडा मंदिर में जाकर धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया विवाह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा ( डा.महताब अमरोहवी)।** जनपद अमरोहा की तहसील हसन पुर के एक गावं में एक युवक ने दो सगी और एक मौसेरी बहन से हिन्दू रीति रिवाज के साथ चामुंडा मंदिर में जाकर धार्मिक अनुष्ठान के साथ विवाह कर लिया।यह जानकारी हसन पुर पुलिस ने दी वृहस्पतिवार को पुलिस ने चारों को पूछ ताछ के लिए कोतवाली हसन पुर बुलाया गया था।











कोतवाली क्षेत्र के गंगा तटबंध किनारे के गांव धोरिया निवासी दो सगी बहनों देविका( 18 )व छवि ( 19 )और उनकी मौसेरी बहन अलका ( 20 )निवासी मेहरपुर, थाना रहरा जनपद अमरोहा द्वारा एक ही युवक विकास उर्फ विक्कू ( 23 )निवासी श्यामपुरी थाना रहरा जनपद अमरोहा से चामुंडा मंदिर में शादी रचाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।तीनों बहनें और विकास सोशल मीडिया पर रील बनाते हैं, जहाँ उनके लाखों फॉलोअर्स हैं। विकास पिछले छह महीने से उनकी रील्स में पति का किरदार निभाता था। परिजनों द्वारा अलग-अलग शादी तय करने पर तीनों ने विकास से ही शादी करने का फैसला कर लिया। सोशल मिडिया पर शादी का वीडियो वायरल होने पर हिंदूवादी संगठनों ने सनातन परंपरा और मयार्दा का उल्लंघन बताकर विरोध जताया परन्तु अभी तक किसी भी हिन्दू संगठन दवरा कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। इस पर बहनों ने जवाब देते हुए कहा, "पहले राजा दशरथ की भी तीन रानियां थीं। हमने किसी धर्म का अपमान नहीं किया है। हम सब वयसक हैं और अपनी मर्जी से खुश हैं।" वहीं मंदिर प्रबंधक डॉ.शिवचरण दास ने बताया कि घटना के समय मंदिर में मरम्मत कार्य चल रहा था और कोई पुजारी मौजूद नहीं था विवाह की रस्में किस ने पूरी कराई हैं जानकारी की जा रही है।धार्मिक संगठनों के विरोध और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हरकत में आ गई।गुरुवार दोपहर पुलिस ने चारों को कोतवाली बुलाया। वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि चारों को बुलाकर उनके बालिग/नाबालिग होने संबंधी दस्तावेज और स्थिति स्पष्ट करने के लिए लिखित में प्रार्थना पत्र लिया गया है।उधर नगर के व्यापारी नेता तीन बहनों की एक युवक से शादी को सनातन धर्म के खिलाफ बता रहे हैं।जानकारी के अनुसार दो सगी तथा एक मौसेरी बहन को बचपन से ही आपस में प्यार है। दो बहनों में से एक बहन की शादी पिता कहीं से करना चाहते थे। लेकिन तीनों बहनों ने मिलकर कहा कि हमारी शादी तीनों की ऐसी जगह करो जो हमारा साथ न छूटे। वह तीन सगे भाइयों से शादी करना चाहती थीं। परंतु ऐसा कोई रिश्ता नहीं मिलने पर 15 जुलाई 2026 को तीनों बहनों ने हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के ही एक गांव निवासी युवक से हसनपुर के चामुंडा मंदिर में परिवार के लोगों एवं रिश्तेदारों को शामिल किए बिना शादी कर ली । शादी का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी प्रसारित किया गया है। हालांकि परिवार के लोगों ने तीनों बहनों की एक ही युवक से शादी करने का कोई विरोध किसी स्तर पर अभी तक नहीं किया है।हसनपुर के व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता का कहना है कि इस तरह की शादी सनातन के खिलाफ है।ऐसी शादी का हम विरोध करते हैं। सीओ पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि इन चारों से वयसक होने के प्रमाण पत्र मांगे गए हैं कोई शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# आवासीय भूमि पर अवैध व अनैतिक रूप से, कब्जा को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा प्रार्थना पत्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** अवैध रूप से आवासीय भूमि पर कब्जा करने को लेकर पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कब्जा मुक्त व कब्जा धारियों पर कार्रवाई करने को न्याय की गुहार लगाई।

थाना बबराला निवासी दान सिंह पुत्र ओमप्रकाश ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा है पत्र के

**पीड़ित ने प्रार्थना पत्र सौंप लगाई न्याय की गुहार, दोषियों पर कार्यवाही की मांग की**

माध्यम से अवगत कराया गया है कि प्रार्थी एक गरीब मजदूर है और बाहर नौकरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है, प्रार्थी की दाद लाई आवासीय भूमि जिसका गाटा संख्या 370ग और रकवा 0.0870 है जो स्टेशन रोड बबराला है।

उसने बताया की गांव के ही भूमाफिया भूरे पुत्र रघुवीर,मुकीम कौशल पुत्र मुंशी, राजू अरोड़ा पुत्र किशन अरोड़ा व राधेश्याम गौतम पुत्र रामस्वरूप गौतम ने अपनी दबंगई के बल पर प्रार्थी की दाद लाई आवासीय भूमि पर कब्जा व दखल कर लिया है, प्रार्थी जब भी उपरोक्त आराजी पर जाता है तो उपरोक्त लोग प्रार्थी को गंदी -गंदी गाली देते हैं तथा विरोध करने पर फौजदारी अमादा होकर





मारपीट करने को उतारु रहते हैं,और कहते हैं की अगर दोबारा इधर आया तो हम लोग तुझे जान से मार देंगे।

प्रार्थी का कहना है की मेंने इस मामले को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की परन्तु आज तक कोई समाधान नहीं हुआ,इसी के चलते आज जिलाधिकारी से इंसाफ की गुहार लगाई है।

# सीजेपी के दिल्ली धरना प्रदर्शन में पहुंचे मोहम्मद गंज से दो छात्र, लोकतंत्र बचाने का लिया संकल्प

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिशारतगंज, /बरेली।** दिल्ली के जंतर मंतर पर उखढ द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में बिशारतगंज क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज से दो छात्र फैसल खान और अरमान खान भी शामिल हुए।



दोनों छात्रों ने बताया कि वे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आयोजित इस धरने में शामिल होकर गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और गलत के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

छात्रों ने बताया कि जंतर मंतर पर देशभर से आए लोगों के साथ मिलकर उन्होंने धरने में भाग लिया और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया।

स्थानीय लोगों ने मोहम्मदगंज गांव के छात्रों की इस भागीदारी की सराहना की और कहा कि क्षेत्र के युवाओं में सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

# दुकान में निकला कोबरा, डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित रेस्क्यू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**क्योलड़िया।** थाना क्षेत्र के गांव नौगवा भगवंतपुर में





गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक किराना दुकान के अंदर जहरीला कोबरा सांप दिखाई दिया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू किया जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे ललिता देवी अपनी किराना दुकान पर बैठी थीं। इसी दौरान एक ग्राहक को सामान देने के लिए उठीं तो उनकी नजर दुकान के अंदर चूहे का शिकार कर रहे कोबरा नाग पर पड़ी। कोबरा को देखते ही उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए पूर्व प्रधान सुशील चंद्र वर्मा ने तत्काल यूपी-112 पुलिस और वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर बीट प्रभारी अकबर अली अपनी टीम के सदस्य कड़े राम, अर्जुन कुमार और मो०असरफ के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में सर्प विशेषज्ञ सुनील कुमार को भी बुलाया गया। टीम ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद कोबरा नाग को सुरक्षित पकड़ लिया बीट प्रभारी अकबर अली ने बताया कि बरसात के मौसम में सांप भोजन और सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंच जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि सांप दिखाई देने पर घबराएं नहीं और न ही उसे स्वयं पकड़ने का प्रयास करें, बल्कि तुरंत वन विभाग या यूपी-112 को सूचना दें रेस्क्यू के बाद कोबरा को सुरक्षित रूप से पीलीभीत के जंगल में छोड़ दिया गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम और सर्प विशेषज्ञ की सराहना की।

# अधिवक्ता नासिर फारूक ने उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल को एक शिकायती पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी )।** कांवड़ यात्रा के दौरान मुख्य मार्गो के अलावा अन्य रास्तों पर स्थित छोटे और निर्धन दुकानदारों के खानपान के सामान की बिक्री पर रोक लगाने और प्रशासन द्वारा उन्हें परेशान किए जाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस गंभीर विषय को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता नासिर फारूक ने उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल को एक शिकायती पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा दुकानदारों के उत्पीड़न को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का खुला उल्लंघन बताया है।महामहिम राज्यपाल को भेजे गए पत्र में अधिवक्ता नासिर फारूक ने कहा कि कांवड़ यात्रा एक पावन धार्मिक आयोजन है, जो करोड़ों लोगों की अगाध आस्था का प्रतीक है। देश का हर नागरिक इस आस्था का सम्मान करता है। लेकिन इस आस्था की आड़ में कुछ असामाजिक तत्वों और स्थानीय प्रशासन द्वारा मुख्य मार्गो के अलावा अन्य रास्तों जहां कांवड़ यात्रा नहीं होती वहां पर खान-पान की दुकानें चलाने वाले गरीब, निर्धन और रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को परेशान किया जाता रहा है, जो बेहद निंदनीय है। कांवड़ यात्रा संपन्न होने तक इन दुकानदारों को कारोबार करने से रोकना उनके मौलिक अधिकारों का सीधा हनन है।अधिवक्ता नासिर फारूक ने राज्यपाल को अवगत कराया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक ऐतिहासिक आदेश में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए थे कि किसी भी धार्मिक आयोजन के दौरान किसी दूसरे धर्म या वर्ग के लोगों के खान-पान और व्यापार पर रोक नहीं लगाई जा सकती। यह प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक और मौलिक अधिकार है। इसके बावजूद, धरातल पर माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है और गरीब दुकानदारों को जबरन हटाया जाता रहा है। पत्र में कहा गया है कि अचानक दुकानों को बंद कराए जाने या सामान बेचने पर रोक लगाने से इन छोटे दुकानदारों के सामने अपने परिवारों के भरण-पोषण पर गंभीर आर्थिक संकट की स्थिति पैदा हो जाती है।अधिवक्ता नासिर फारूक ने महामहिम राज्यपाल से इस पूरे मामले का तत्काल संज्ञान लेने की अपेक्षा की है। उन्होंने मांग की है कि प्रदेश सरकार और अमरोहा समेत सभी जनपदों के जिलाधिकारियों को सख्त आदेश जारी किए जाएं, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी गरीब दुकानदार का उत्पीड़न न हो और न ही उनके खान-पीन के व्यवसाय पर किसी भी प्रकार की रोक लगाई जाए।



# पीड़िता का आरोप है कि सम्भल अड्डा निवासी इन्तखाब ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए और धोखे से उसकी अश्लील फोटो-वीडियो बना लीं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी )।** जनपद की तहसील हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में ब्लैकमेलिंग और दुष्कर्म का एक मामला सामने आया है। पीड़िता ने शुरूआत में दो लोगों पर गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन पुलिस ने जांच के बाद फिलहाल मुख्य आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।पीड़िता का आरोप है कि सम्भल अड्डा निवासी इन्तखाब ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए और धोखे से उसकी अश्लील फोटो-वीडियो बना लीं।इसके बाद आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करता रहा। पीड़िता का कहना है कि उसने इस दौरान क्षेत्र के एक अन्य प्रभावशाली व्यक्ति से भी मदद की गुहार लगाई थी, लेकिन वहां भी उसके साथ न्याय नहीं हुआ।पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर दोनों की शिकायत की। पुलिस ने मामले की प्राथमिक पड़ताल के बाद मुख्य आरोपी इन्तखाब के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुख्य आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर अन्य बिंदुओं और संदिग्धों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।



# महबूब अली व उनके काफिले को रोके जाने पर सपा कार्यकर्ता तथा महबूब अली समर्थक आग बबूला हो गए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी )।** रामपुर स्थित जौहर विश्वविद्यालय के 38 केम्पस को तोड़े जाने के प्रस्तावित कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाने तथा निष्पक्ष जांच की मांग







को लेकर सदर विधायक व लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली अपने आवास से निकले ही थे कि पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोक लिया। गांधी मूर्ति के पास महबूब अली व उनके काफिले को रोके जाने पर सपा कार्यकर्ता तथा महबूब अली समर्थक आग बबूला हो गए। उन्होंने यहां जमकर नारेबाजी की। प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर हाय हाय के नारे लगाए। स्वयं महबूब अली ने भी अपना रोष व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई को लोकतंत्र विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को अपना विरोध दर्ज कराने का अधिकार है। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने उनके काफिले को रोक कर ठीक नहीं किया है। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी जारी रही। काफी समय तक जद्दोजहद जारी रही। जिसके बाद महबूब अली ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा तत्पश्चात पुलिस प्रशासन ने महबूब अली को कुछ समय के लिए हाउस अरेस्ट भी किया।

इस मौके पर पूर्व एमएलसी परवेज अली, महमूद अली उर्फ भूरे, जोया नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जाहिद हुसैन, शशिकांत गोयल,शुजा उल हसन, भगत सिंह बॉबी, अब्दुल वहाब सैफी, तौसीफ चड्ढा, मुख़्तार नकवी ,आमिर आफताब सैफी, जनाब फारूकी, साजिद अली, कामेश प्रधान, जाकिर अली, हाजी जमशेद, डॉ.अश्कार , आरिफ एडवोकेट,महेश यादव, हाजी असलम, जावेद अली, नासिर अली, मुदस्सिर खान आदि मौजूद रहे।

# लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर याद किया उनका राष्ट्र के प्रति योगदान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को सेमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कवि माधव मिश्र ने दोनों महान विभूतियों के त्याग, बलिदान और राष्ट्रसेवा पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक, शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सौंपा ज्ञापन — पशु मित्रों ने टीकाकरण एंव कृत्रिम गभाधार्न के कार्य का बहिष्कार करने की दी चेतावनी

# नियमित मानदेय को लेकर पैरा वेट पशु मित्रों ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** नियमित मानदेय के प्रस्ताव की स्वीकृति न मिलने पर एफ एम डी टीकाकरण एंव कृत्रिम गभाधार्न कार्य बहिष्कार के संबंध में पैरा वेट पशु मित्रों ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को ज्ञापन सौंपा है,और साथ ही साथ चेतावनी भी दी की अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम सब कार्य का बहिष्कार करेंगें।







पत्र के माध्यम से अवगत कराया की पैरा वेट पशु मित्र लेमैनइन्सीमीनेटर मैत्री विगत कई वर्षो से नियमित मानदेय को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, राज्य मंत्री द्वारा 14जुलाई 25 को आश्वासन मिला था एवं 14जुलाई कार्य वृत्ति में नियमित मानदेय के लिए निर्देश दिया गया था जिसके तत्पश्चात प्रमुख सचिव द्वारा पशुपालन निदेशक प्रशासन एवं विकास को निर्देशित किया गया था,कि प्रदेश में क्रियान्वित पैरा वेट पशु मित्र लैमेन इन्सीमीनेटर मैत्री के नियमित मानदेय का प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रस्तुत करें।13जनवरी 26 को पशुपालन निदेशक एवं प्रशासन व विकास द्वारा तैयार करके शासन को प्रेषित किया गया है, परन्तु अभी तक को समाधान नही हुआ। उन्होंने कहा की बार बार अवगत कराने के बाद भी कोई सुनने को तैयार नही और नहीं को निर्णय लिया गया, उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को स्पष्ट रूप से कहा की हम सब कार्य से बहिष्कार कर रहे है,अगर 4अगस्त तक हमारे मानदेय को लेकर शासन द्वारा कोई उचित निर्णय नहीं लिया जाता है तो हम 5अगस्त को पशुपालन निदेशालय लखनऊ से विधानसभा तक एक पद यात्रा करेंगे एवं जी पी ओ पार्क में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के लिए बाध्य होंगे।

इस दौरान हमारे किसी सदस्य के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तब उसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा।

# स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाने की मांग, व्यापार मंडल ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (रजि.) जनपद संभल की चन्दौसी इकाई ने गुरुवार को अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग चन्दौसी को ज्ञापन सौंपकर

**गलत बिजली बिलों के संशोधन और बिना सूचना बढ़ाए गए विद्युत भार को पूर्ववत करने की उठाई मांग**



उपभोक्ताओं की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में नए स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने पारंपरिक बिजली मीटर लगाए जाने, गलत बिजली बिलों की जांच कर संशोधन एवं अतिरिक्त वसूली गई राशि वापस या समायोजित करने की मांग की गई।

जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि बिना उपभोक्ताओं की अनुमति बढ़ाए गए विद्युत भार को पूर्ववत किया जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जांच कर कार्रवाई की जाए। साथ ही उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कर उन्हें लिखित रूप से अवगत कराने की भी मांग उठाई। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आगे आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# दिल्ली जंतर-मंतर पर छात्रों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में औरंगाबाद चेयरमैन के पिता हाउस अरेस्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बुलंदशहर।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर हो रहे कथित अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे औरंगाबाद चेयरमैन के पिता अब्दुल्ला कुरैशी को पुलिस ने उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया बताया जा रहा है कि पुलिस ने उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी और एहतियातन उनके आवास पर पुलिस बल तैनात कर दिया। इस कार्रवाई को लेकर समर्थकों में नाराजगी देखी जा रही है।

समर्थकों का कहना है कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और इस तरह की कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। वहीं, पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाए गए हैं।इस घटना के बाद क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

# मेरठ रेंज में कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियां पूरी, 969 किमी के 28 प्रमुख मार्गों पर कड़ी सुरक्षा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**






**मेरठ।** कांवड़ यात्रा-2026 को लेकर मेरठ परिक्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने बताया कि इस वर्ष मेरठ रेंज के 969 किलोमीटर लंबे 28 प्रमुख कांवड़ मार्गों पर यात्रा संचालित होगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरे मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

यात्रा के दौरान 148 बैरियर स्थापित किए जाएंगे। वहीं 32 प्रमुख शिव मंदिरों में जलाभिषेक और 12 श्रावण मेलों का आयोजन होगा। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस बल के साथ अन्य एजेंसियों की भी तैनाती की गई है। कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर घाटों, नदियों और नहरों पर 157 नावें तथा 139 प्रशिक्षित गोताखोर तैनात किए गए हैं। ब्रजघाट सहित सभी प्रमुख घाटों पर जल पुलिस, फ्लड कंपनी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी मुस्तैद रहेंगी। इसके अलावा डबल बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम, खोया-पाया केंद्र, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, वॉच टावर, पार्किंग और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई है।

बुलंदशहर जिले में 10 प्रमुख कांवड़ मार्गों पर कुल 446 किलोमीटर क्षेत्र में यात्रा संचालित होगी। यहां 65 बैरियर लगाए जाएंगे। जिले के 10 प्रमुख शिव मंदिरों में जलाभिषेक तथा 5 श्रावण मेलों का आयोजन होगा। घाटों पर सुरक्षा के लिए 37 नावें और 58 प्रशिक्षित गोताखोर तैनात किए गए हैं।

डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नाविकों और गोताखोरों को पहले से ब्रीफ किया जाए, सभी नावों में लाइफ जैकेट अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है।

# सदाशिव मंदिर रेलपार के सौंदर्यीकरण का हुआ शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**शामली।** शहर के रेलपार स्थित प्राचीन सदाशिव मंदिर परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा कराए जाने वाले भवन निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ विधि-विधान के साथ किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तेजेन्द्र निर्वाल तथा मनोनीत सभासद डॉ. हरिओम पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नींव पूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान भगवान गणेश, नवग्रह एवं भगवान विश्वकर्मा का पूजन-अर्चन कर निर्माण कार्य के सफल, सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण होने की कामना की गई। इसके उपरांत मुख्य कारीगर का सम्मान कर उन्हें शुभारंभ के प्रतीक स्वरूप सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सतीश धीमान, पूर्व सभासद प्रमेन्द्र निर्वाल, राजीव महाराज, सिंह सचिन निर्वाल, अजीत निर्वाल, नेता राजन सिंह, ठेकेदार हेमन्त शर्मा, सदाशिव मंदिर के पुजारी सहित भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**शोध में मौलिकता, नैतिक लेखन और प्लेजरिज्म से बचाव पर विशेषज्ञों ने दिए व्यावहारिक सुझाव**

# सुभारती विश्वविद्यालय में टर्निटिन प्रशिक्षण से शैक्षणिक ईमानदारी को मिला बढ़ावा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग तथा रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में "एडवांसिंग एकेडमिक इंटीग्रिटी विद टर्निटिन" विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों में शैक्षणिक ईमानदारी, शोध की मौलिकता तथा नैतिक अकादमिक लेखन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें टर्निटिन सॉफ्टवेयर के प्रभावी उपयोग से परिचित कराना था।






कार्यक्रम का शुभारंभ संकायाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) सुधीर त्यागी ने रिसोर्स पर्सन श्री गौतम रावल का स्वागत कर किया। अपने संबोधन में प्रो. (डॉ.) सुधीर त्यागी ने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए शैक्षणिक ईमानदारी सबसे महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शोधार्थियों और शिक्षकों को उत्तरदायी एवं नैतिक शोध लेखन के लिए प्रेरित करते हैं तथा उत्कृष्ट अनुसंधान संस्कृति को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए रिसोर्स पर्सन श्री गौतम रावल ने प्रतिभागियों को टर्निटिन के माध्यम से सिमिलैरिटी रिपोर्ट का विश्लेषण, शोध लेखों एवं शोध प्रबंधों की मौलिकता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया तथा शैक्षणिक लेखन की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर डीन रिसर्च प्रो. (डॉ.) वैभव गोयल भारतीय ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले शोध की आधारशिला शैक्षणिक ईमानदारी और मौलिकता है। उन्होंने कहा कि टर्निटिन जैसे आधुनिक उपकरण शोधार्थियों और शिक्षकों को साहित्यिक चोरी से बचाने के साथ-साथ जिम्मेदार एवं नैतिक शोध संस्कृति को भी मजबूत करते हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता और शोध की गुणवत्ता को नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के अंत में भावना जोशी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) वैभव गोयल भारतीय, डॉ. तारक नाथ प्रसाद, डॉ. अनोज राज, डॉ. इन्द्रा सिंह, डॉ. जावेद खान, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. अल्पना, शलिनी त्यागी, भावना जोशी, डॉ. किरण, डॉ. जूली, डॉ. कपिल, डॉ. अजय, डॉ. प्रीति, डॉ. सरिता, डॉ. आशुतोष, रजनी, गोमती सहित विभिन्न विभागों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के अकादमिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ और सभी उपस्थितजनों ने इसकी सराहना की।

# सोलर रूफटॉप लगाएं, बिजली बिल से पाएं राहत, 3 किलोवाट पर मिलेगा 1.08 लाख रुपये तक अनुदान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप लगाने पर केंद्र सरकार की ओर से आकर्षक अनुदान दिया जा रहा है। यूपीनेडा के परियोजना प्रभारी प्रमोद भूषण शर्मा ने बताया कि योजना का लाभ 31 मार्च 2027 तक "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर मिलेगा।

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना 31 मार्च 2027 तक लागू, मेरठ में 13 हजार घरों में लग चुके हैं सोलर प्लांट**



उन्होंने बताया कि फरवरी 2024 में शुरू हुई इस योजना के तहत मेरठ जिले में अब तक करीब 13 हजार घरों में लगभग 39 मेगावाट क्षमता के सोलर रूफटॉप लगाए जा चुके हैं। इससे प्रतिदिन करीब 1.95 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

यूपीनेडा के अनुसार, पिछले माह 1570 उपभोक्ताओं का बिजली बिल नेगेटिव आया। यानी उन्होंने अपनी जरूरत से अधिक बिजली बनाकर बिजली निगम को दी, जिसका उन्हें भुगतान मिलेगा या यूनिट का लाभ मिलेगा। वहीं 210 उपभोक्ताओं का बिजली बिल पूरी तरह शून्य रहा। इसके अलावा 279 उपभोक्ताओं का बिल 100 रुपये और 1474 उपभोक्ताओं का बिल 500 रुपये तक आया। इससे अधिकांश उपभोक्ताओं को बिजली खर्च में 90 प्रतिशत तक राहत मिली है।

परियोजना प्रभारी ने बताया कि दो किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप लगाने पर 90 हजार रुपये और तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 1.08 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने घरेलू उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ उठाकर बिजली बिल का बोझ कम करने की अपील की।

# लोहरा गांव में 24 जुलाई को भाकियू महाशक्ति की पंचायत, टूटी सड़कों को लेकर होगा धरना-प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर (बुलंदशहर)।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति द्वारा विकास खंड शिकारपुर के गांव लोहरा में 24 जुलाई को दोपहर 12 बजे किसान पंचायत आयोजित की जाएगी। पंचायत के दौरान गांव की क्षतिग्रस्त एवं जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि गांव की टूटी सड़कों के कारण ग्रामीणों को लंबे समय से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसी के विरोध में पंचायत एवं धरना आयोजित किया जा रहा है। भाकियू महाशक्ति ने जिला पंचायत राज अधिकारी (DPRO), खंड विकास अधिकारी (BDO) शिकारपुर, बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) तथा मुख्य विकास अधिकारी (CDO) बुलंदशहर से पंचायत में उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराने का अनुरोध किया है। साथ ही संगठन ने सभी पत्रकार बंधुओं से भी कार्यक्रम में पहुंचकर समाचार कवरेज करने की अपील की।

# उत्कृष्ट कार्य पर चार आशा कार्यकत्रियां सम्मानित, पुरस्कार में मिली वॉशिंग मशीन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** स्वास्थ्य विभाग ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की चार आशा कार्यकत्रियों को सम्मानित किया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने उन्हें वॉशिंग मशीन भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान अप्रैल से जून 2026 तक के कार्य प्रदर्शन के आधार पर दिया गया।

**डीएम बोले- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत कड़ी हैं आशाएं, संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर दें जोर**

सम्मानित होने वालों में सरधना ब्लॉक के नवाबगढ़ी गांव की साइस्ता, जानी ब्लॉक के जानी कलां की रेशमा, शहरी स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) सरधना की रिंकी और यूपीएचसी तारापुरी की शबाना खातून शामिल हैं। इन आशा कार्यकत्रियों ने अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए सबसे अधिक प्रोत्साहन राशि प्राप्त की।

जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने कहा कि आशा कार्यकत्रियां स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। उनके प्रयासों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हो रही हैं। उन्होंने सभी आशाओं से जननी सुरक्षा योजना के तहत अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव कराने और लोगों को स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।




मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रसाद ने भी सम्मानित आशाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्य से अन्य आशा कार्यकत्रियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

पुरस्कार स्वरूप दी गई सेमी-ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीनें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और केनरा बैंक के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के सहयोग से उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक राकेश कुमार खन्ना, केनरा बैंक के एजीएम चंपक कुमार, एसबीआई के प्रतिनिधि राजेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग और बैंक के अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा के राष्ट्रीय सचिव कोमल गुर्जर हाउस अरेस्ट, सरकार पर लगाए तानाशाही के आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं युवजन सभा के नेता कोमल



गुर्जर को पुलिस ने कथित तौर पर हाउस अरेस्ट कर दिया। सपा नेताओं का कहना है कि वे दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन के समर्थन में दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे थे। सपा के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रधानमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के विरोध में प्रदेशभर के कार्यकर्ता दिल्ली कूच कर रहे थे। इसी क्रम में बुलंदशहर से कोमल गुर्जर भी कार्यकताओं के साथ रवाना होने वाले थे।

कोमल गुर्जर का आरोप है कि पुलिस उन्हें बुधवार शाम करीब 8 बजे काला आम क्षेत्र से हिरासत में लेकर पुलिस लाइन गई और देर रात लगभग 1 बजे घर छोड़ने के बाद उनके आवास पर पुलिस तैनात कर हाउस अरेस्ट कर दिया। उन्होंने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन और तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी छात्र-युवा हितों की आवाज उठाती रहेगी और ऐसी कार्रवाई से डरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी युवाओं और छात्रों के मुद्दों पर मजबूती से संघर्ष जारी रखेगी।

**मुसीबत**

**बिरयानी खाने आने वाले ग्राहकों के खड़े गाड़ियों के काफिले ने दिल्ली मेरठ रोड के तीन लेन के हाईवे को समेटकर महज दो लेन में कर दिया है तब्दील**

# हाईवे को पार्किंग बनाकर लोगों को धड़ल्ले से परोसी जा रही है अल रजा चिकन बिरयानी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**







**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** दिल्ली मेरठ रोड पर बम्बा रोड के मोड़ पर स्थित अल-रजा चिकन बिरयानी सेंटर इन दिनों हाईवे से गुजरने वाले बेकसूर राहगीरों के लिए सरासर मुसीबत सेंटर बना हुआ है। दिल्ली-मेरठ रोड पर सफर करने वाले राहगीर मुरादनगर बम्बा रोड के करीब पहुंचने पर इस मुकाम से जरा संभलकर निकलें, क्योंकि यहां सड़क की चौड़ाई अचानक कम नहीं हुई, बल्कि अल-रजा चिकन बिरयानी सेंटर के बाहर खड़े गाड़ियों के काफि ले ने तीन लेन के हाईवे को समेटकर महज दो लेन में तब्दील कर दिया है। स्वाद के शौकीनों ने कानून को ठेंगा दिखाते हुए सड़क की एक पूरी लेन को अपनी अघोषित पार्किंग बना लिया है। अंधाधुंध खड़े इन वाहनों की वजह से दिल्ली मेरठ हाइवे पर स्थित बम्बा रोड मोड़ पर हर पल मौत का साया मंडराता नजर आता है। तेज रफ़्तार गाड़ियों के बीच से जान जोखिम में डालकर निकलने को मजबूर राहगीरों के लिए यह रास्ता किसी खतरनाक राह गुजर से कम नहीं है। हद तो तब हो जाती है जब कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ाती इस भारी भीड़ और सड़क पर खड़ी गाड़ियों के वीडियो खुद अल-रजा चिकन बिरयानी सेंटर के इंस्टाग्राम हैंडल पर बड़े फखर के साथ रील्स बनाकर चलाई जाती है। यानी जिस अराजकता पर कार्रवाई होनी चाहिए, उसे सोशल मीडिया पर पब्लिसिटी का हथियार बनाया जा रहा है। यहां बिरयानी का स्वाद चखने आने वाले ग्राहक लोग दूसरों की सहूलियत छीनने और कानून के नियमों को धत्ता बताने के आदी हो चुके हैं। अगर यही बेपरवाही जारी रही, तो वह दिन दूर नहीं जब यह खतरनाक जाम यहां की स्थाई नियति बन जाएगा। अब पूरा मुरादनगर टकटकी लगाए देख रहा है कि आखिर स्थानीय पुलिस और ट्रैफिक प्रशासन की नींद कब खुलेगी? क्या पुलिस किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। क्या ह्यजायके की बिरयानी वाले इस जाम पर जल्द ही प्रशासन का चाबुक चलेगा या नहीं, यह देखना अभी बाकी है।

# खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश शुरू, 10 अगस्त तक करें आवेदन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र, मोदीपुरम में वर्ष 2026-27 के लिए एक वर्षीय ट्रेड डिप्लोमा और एक माह के सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक युवक-युवतियां 10 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी केंद्र के प्रधानाचार्य ने दी। उन्होंने बताया कि केंद्र में कैनिंग एवं खाद्य संरक्षण, बेकरी एवं कन्फैक्शनरी तथा पाक कला (कुकरी) ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने का अवसर मिलेगा। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पूंजीगत अनुदान और टर्म लोन पर ब्याज अनुदान जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स के लिए इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, जबकि एक माह के सर्टिफिकेट कोर्स के लिए हाईस्कूल उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की आयु 18 से 25 वर्ष तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 18 से 28 वर्ष निर्धारित की गई है। महिलाओं के लिए अधिकतम आयु सीमा लागू नहीं होगी। प्रवेश आवेदन पत्र कार्यदिवस में राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र, शीतगृह परिसर, मोदीपुरम से प्राप्त किए जा सकते हैं। चयन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

# कुन्दरकी से शैक्षणिक मुद्दों पर दिल्ली जा रहे रजा ग्रुप को पुलिस ने गूलर चौराहे पर रोका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** गुरुवार को दोपहर बाद रजा ग्रुप के चेयरमैन हाजी हशमत रजा उस्मानी अपने समर्थकों के साथ नगर स्थित कैम्प कार्यालय से दिल्ली में प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए रवाना हुए। हाथों में तिरंगा लेकर वे पेट्रोल पम्प से दिल्ली के लिए निकले।

गूलर चौराहे पर पुलिस ने वाहनों को रोका और सभी को जानकारी के लिए पुलिस चौकी ले गई। चौकी पर हाजी हशमत रजा उस्मानी और उनके समर्थकों ने पुलिस अधिकारियों के सामने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हम छात्रों के भविष्य और शैक्षणिक मुद्दों पर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना चाहते हैं। हमारी मांग है कि पारदर्शी परीक्षा प्रणाली हो, भर्ती समय पर हो और छात्रों की समस्याओं का समाधान हो। चौकी पर हुई बातचीत के बाद पुलिस ने सभी को आवश्यक हिदायत देकर वापस भेज दिया।इस अवसर पर रियासत खान, गुड्डू खान, समीर खान, रफीक खान, मुजम्मिल खान, अनूप सिंह, अमर सिंह, जरीफ, डॉ मतीन, रफीक, वसीम, जुनैद, मशकूर, यामीन आदि मौजूद रहे।







# शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना 26 जुलाई से लागू मुरादाबाद के हजारों शिक्षकों को मिलेगा लाभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्य सचिव एस. पी. गोयल ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का प्रदेशव्यापी शुभारंभ 26 जुलाई को सभी जिलों में कार्यक्रमों के साथ कराया जाए। आगरा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय से मुख्यमंत्री योजना शुरू करेंगे। लाइव प्रसारण के बाद जिलों में 20-20 शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए जाएंगे। मुख्य सचिव ने जनगणना-2027 कर्मियों का मानदेय और प्रशिक्षण भत्ता 31 जुलाई तक भुगतान करने, गोसंरक्षण केंद्रों की व्यवस्था सुधारने, उर्वरक उपलब्धता बनाए रखने और 5 अगस्त से पहले छात्रवृत्ति पोर्टल पर विद्यालयों का डाटा अपलोड कराने के निर्देश दिए हैं ' मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से मुरादाबाद के हजारों शिक्षकों को लाभ मिलेगा ।

# कांठ सहित प्रदेश के पीएमश्री स्कूलों में 50-50 हजार से खरीदी जाएगी खेल सामग्री : विद्यालय में स्पोर्ट क्लब का होगा गठन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) स्कूलों में छात्रों के लिए 50-50 हजार रुपये से खेल सामग्री खरीदी जाएंगी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पीएमश्री स्कूलों में खेल सामग्री खरीदने को 7.82 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। इसके साथ ही विद्यालयों में स्पोर्ट्स क्लब का गठन भी किया जाएगा। इसके लिए प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में कमेटी बनेगी। जिसमें खेलकूद शिक्षक को सदस्य सचिव बनाया गया है। वहीं सदस्य के रूप में तीन अलग-अलग विषयों के शिक्षक और इसमें एक महिला शिक्षक को शामिल किया गया है। क्रिकेट, फुटबाल, हॉकी, कैरम, शतरंज, वॉलीबाल, हैंडबॉल व टेबल टेनिस आदि खेलों की सामग्री खरीदी जाएगी।

# कुन्दरकी से किसान-छात्रों के समर्थन में दिल्ली जा रहे भाकियू नेताओं को पुलिस ने रोका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन इंडिया के जिला अध्यक्ष उवैस अली खान कार्यकताओं के साथ दिल्ली के जंतर-मंतर पर किसान-छात्रों के समर्थन में हो रहे धरना-प्रदर्शन में शामिल होने के लिए अपने निवास ग्राम काजीपुरा से निकले थे।

कुन्दरकी पुलिस ने उन्हें गूलर चौराहे पर रोककर पूछताछ के लिए चौकी ले गई। सूचना पर थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन और चौकी इंचार्ज संजय त्यागी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ समय बाद सभी को जाने दिया गया।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अरबाज जैदी, युवा जिला अध्यक्ष नाजिम, जिला मंत्री रियाज, तहसील अध्यक्ष नूर मोहम्मद, रियाज पाशा, समीर अंसारी, सैफ अंसारी, शाने आलम, नन्नू, फैजान पाशा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाकियू नेताओं ने कहा कि हम शांतिपूर्ण तरीके से किसान और छात्रों के मुद्दे पर अपनी बात रखने जा रहे थे।





# राष्ट्र अर्पण संगठन ने वानप्रस्थ आश्रम में बांटीं चादरें और वस्त्र: बुजुर्ग है हमारी धरोहर हो उनका सम्मान : मांगे राम चौहान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** आज राष्ट्र अर्पण संगठन द्वारा मुरादाबाद स्थित वानप्रस्थ वृद्ध आश्रम में वस्त्र एवं चादर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उप आवास आयुक्त मांगे राम चौहान ने शिरकत की। उन्होंने अपने हाथों से आश्रम के वृद्ध माता-पिता को वस्त्र व चादरें भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री चौहान ने संगठन के इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि बुजुर्गों की निस्वार्थ सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है 'महानगर अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल और मुरादाबाद संयोजिका रेनू सक्सेना के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से वृद्धजनों का हाल-चाल जाना और उनकी सेवा की। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष नीरज चौहान, महामंत्री स्नेहलता चौधरी, कुसुमलता शर्मा, बुद्धिजीवी मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा, गोविंद नगर मंडल अध्यक्ष रविंद्र महंत, महेंद्रऔर दीपाली सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



# बिना मान्यता चल रहे स्कूल हर हाल में बंद कराएं: डीएम

कांठ (सुदेश बिश्नोई)'जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने पीएमश्री विद्यालयों का गैप एनालिसिस तथा वर्तमान स्थिति व मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र के स्कूल देख लें कोई भी विद्यालय जर्जर स्थिति में न हो विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय शत-प्रतिशत पूरा कराने और - अभ्युदय विद्यालय की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बिना मान्यता चल रहे स्कूलों को चिह्नित कर उसे हर हाल में बंद कराएं।



# मुरादाबाद में 60 दिन से" शोपीस बना जन औषधि केंद्र" मेडिकल स्टोर से "महंगी दवाएं खरीदने को लोग" मजबूर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद जिला अस्पताल में पिछले दो माह से एक जन औषधि केंद्र बंद पड़ा है तो दूसरे पर दवाओं का टोटा है। इसका खामियाजा सीधे मरीजों और उनके परिजनों को भुगतना पड़ रहा है। अस्पताल में मुफ्त उपलब्ध न होने वाली दवाएं, जिनके लिए मरीज पहले जन औषधि केंद्र का सहारा लेते थे, अब उन्हें निजी मेडिकल स्टोर से कई गुना अधिक कीमत पर खरीदनी पड़ रही हैं। इससे रोजाना सैकड़ों मरीजों का इलाज महंगा हो गया है। मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग, संक्रमण, अस्थमा और थायरॉयड जैसी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को परेशानी हो रही है। सरकारी अस्पताल में डॉक्टर दवा लिख रहे हैं, लेकिन कई दवाइयां ऐसी भी हैं जो अस्पताल में सीमित हैं या उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में मरीजों के पास निजी मेडिकल स्टोर का ही विकल्प बच रहा है।अस्पताल स्टाफ का कहना है कि जन औषधि केंद्र संचालक दो माह पहले छुट्टी लेकर गया था, इसके बाद लौटा ही नहीं। केंद्र बंद होने के कारण उस योजना पर भी सवाल उठ रहे हैं, जिसका उद्देश्य लोगों को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध कराना है।सरकारी नियमों के मुताबिक जन औषधि केंद्रों पर 2400 से अधिक प्रकार की दवाएं और 300 से अधिक सर्जिकल एवं चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होने चाहिए। इनमें बुखार, दर्द, संक्रमण, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, थायरॉयड, एलर्जी, गैस, अस्थमा, महिलाओं एवं बच्चों की दवाएं, विटामिन, इंसुलिन, आई ड्रॉप, मलहम, सैनिटरी नैपकिन, ग्लूकोमीटर स्ट्रिप, सिरिंज, पट्टियां और अन्य चिकित्सा सामग्री शामिल हैं।

# कांठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिली" एक्स-रे मशीन" मरीजों को नि:शुल्क जांच की शीघ्र मिलेगी सुविधा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र वासियों के लिए शासन ने एक्स-रे मशीन के रूप में तोहफा प्रदान किया है लंबे समय से एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ को नई एक्स-रे मशीन उपलब्ध करा दी गई है। मशीन के स्थापित होने के बाद मरीजों को निशुल्क एक्स-रे जांच की सुविधा मिल सकेगी और निजी अस्पतालों के चक्कर लगाने से भी राहत मिलेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में पिछले एक दशक से एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध नहीं थी। इस कारण क्षेत्र के मरीजों को छोटी-बड़ी जांच के लिए निजी अस्पतालों अथवा जिला मुख्यालय जाना पड़ता था।

### मरीजों के लिए "खुशी की खबर"

पूर्व भाजपा विधायक राजेश कुमार 'चुन्नू' ने कई बार शासन स्तर तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर सीएचसी में एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराने की मांग की थी। वहीं वर्तमान विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने भी विधानसभा में यह मुद्दा उठाते हुए कहा था कि सीएचसी में इन सुविधाओं के उपलब्ध होने से क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। जनप्रतिनिधियों के प्रयासों और क्षेत्रीय जनता की लगातार उठती मांग के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ को एक्स-रे मशीन उपलब्ध करा दी गई है। अब मशीन को स्थापित कर शीघ्र ही जांच कार्य शुरू कराया जाएगा।



# मुरादाबाद के कारोबारी की बेटी की हत्या : कार में" शव लेकर घूमता रहा" प्रेमी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ, मुरादाबाद (सुदेश बिश्नोई)।** निर्यातक की लापता बेटी अदीला रहमान की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने यह दावा देवापुर निवासी गुलफाम से पूछताछ के बाद किया है। अदीला 25 जून को एलएलबी का पेपर देने की बात कहकर घर से निकली थी।29 जून को उसकी लोकेशन दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल नंबर एक पर मिली थी। यह तो साफ हो गया था कि उसने हवाई सफर किया लेकिन इसके बाद से उसका मोबाइल बंद हो गया। जब घर वालों को कोई जानकारी नहीं मिली तो कटघर थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया।

युवती के परिवार वालों ने घर से मिली एक निकाहनामा की रसीद भी पुलिस को दी जिस पर दूल्हे का नाम गुलफाम दर्ज था। पुलिस ने देवापुर निवासी गुलफाम की तलाश तेज की तो उसने रामपुर के गंज थाने में दर्ज मुकदमे में सरेंडर कर दिया और जेल चला गया। कटघर पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो पूरा खुलासा हो गया। उसने बताया कि 29 जून को अदीला की हत्या कर दी थी इसके बाद शव को कार से रुड़की ले गया और वहां फेंक दिया था। वह पूरी रात शव लेकर सफर करता रहा था।कटघर थाना क्षेत्र के कोहिनूर तिराहा निवासी व्यवसायी अदिवउर रहमान की बेटी अदीला रहमान हैदराबाद में रहकर एलएलबी की पढ़ाई कर रही थी। परिवार वालों ने जो पुलिस को बताया था उसके मुताबिक वह परीक्षा देने की बात कहकर घर से निकली थी। बेटी के गायब होने पर परिजनों ने छानबीन की। इसके बाद पता चला कि वह दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल नंबर एक पर हवाई जहाज से उतरी थी। इसकेबाद से उसकी कोई खबर नहीं मिली। परिजनों के तलाश करने के बावजूद परिजनों के तलाश करने के बावजूद इसके बाद उसकी मां ने 18 जुलाई को कटघर पुलिस को तहरीर दी।मां ने पुलिस को बताया कि देवापुर निवासी गुलफाम अली और इसके भाई कुरबान अली ने उनकी बेटी अदीला रहमान को गायब कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दोनों भाइयों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली।पुलिस की टीम ने छानबीन की तो पता चला कि गुलफाम अली ने रामपुर के गंज थाने में एक साल पहले दर्ज हुए हत्या के प्रयास के मामले में एक जुलाई को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट से आरोपी को रिमांड पर लेने के लिए प्रार्थनापत्र दिया। अनुमति मिलने के बाद कटघर थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने टीम के साथ रामपुर जेल में आरोपी से पूछताछ की। आरोपी गुलफाम ने घटना कीसिलसिलेवार जानकारी दी। बताया कि उसने अजमेर में अदीला के साथ परिजनों को जानकारी नहीं दी गई थी। दोनों नोएडा में किराये का फ्लैट लेकर रहने लगे।अदीला उस पर दबाव बनाती थी कि वह परिवार से बात नहीं करेगा। अदीला गुलफाम का जेब खर्च तक देती थी। उसने निकाह के बाद गुलफाम को एक थार गाड़ी भी उपहार के तौर पर दी। दोनों के बीच परिवार को लेकर झगड़ा होता था। नाराज होकर अदीला 29 जून को दिल्ली से मुरादाबाद के लिए टैक्सी लेकर निकली। अदीला रात में जोया पहुंची तो गुलफाम उसे लेने के लिए कार से पहुंच गया था। दोनों के बीच कार में भी परिवार को लेकर विवाद होने लगा। दोनों दिल्ली-लखनऊ हाईवे के बाईपास पर स्थित पुराने टोल पर पहुंच गए। यहां पर आकर गुलफाम ने अदीला की कनपटी पर तमंचा सटाकर गोली मार दी।

# शैक्षणिक मुद्दों पर दिल्ली जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोका, जिला उपाध्यक्ष एहसान खांन से पुलिस ने आवास पर की बातचीत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बुधवार को शिक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर दिल्ली में प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता रवाना हुए थे।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष चौधरी एहसान खान के नेतृत्व में कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय से दिल्ली के लिए निकले थे। इस दौरान गूलर चौराहे पर पुलिस ने वाहनों को रोककर दिशा-निर्देश दिए। वहीं जिला उपाध्यक्ष चौधरी एहसान खान से पुलिस अधिकारियों ने उनके आवास पर जाकर चर्चा की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हम छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखना चाहते थे। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है।

इस दौरान चौधरी दाऊद खान, नगर अध्यक्ष शौकत नेता जी, ब्लॉक अध्यक्ष मुनीफ तुर्की, नगर अध्यक्ष बिलारी फारुख, ब्लॉक अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, शाकिर कुरैशी, सगीर खान, वहीद खान, इरफान खान, प्रेम, सुरेंद्र सिंह जाटव, मनोज कुमार* सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।





**जानकारी** मेरठ में मंडल स्तरीय कार्यशाला में होमबायर्स को कानूनी अधिकार, शिकायत प्रक्रिया और रेरा पोर्टल की जानकारी दी गई

# घर खरीदने से पहले रहें सतर्क, रेरा ने बताए सुरक्षित निवेश के जरूरी नियम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** घर खरीदने वाले लोगों को सुरक्षित निवेश और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए गुरुवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अटल सभागार में उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) की ओर से मंडल स्तरीय संवाद एवं जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मेरठ मंडल के गृह खरीदारों को रेरा अधिनियम के प्रावधानों, शिकायत निवारण प्रणाली और सुरक्षित निवेश के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यशाला की अध्यक्षता यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की, जबकि जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संजय भूसरेड्डी ने कहा कि रेरा का उद्देश्य केवल विवादों का निस्तारण करना नहीं, बल्कि घर खरीदने वालों को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने लोगों से किसी भी परियोजना में निवेश करने से पहले रेरा पोर्टल पर उसकी पूरी जानकारी जांचने की अपील की।

कार्यक्रम में यूपी रेरा के प्रमुख सलाहकार अबरार अहमद ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि फ्लैट या मकान खरीदने से पहले परियोजना का रेरा पंजीकरण, भूमि संबंधी दस्तावेज, स्वीकृत नक्शा, निर्माण की प्रगति, बैंक खाता और बिल्डर का रिकॉर्ड अवश्य जांचना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल आकर्षक विज्ञापनों के आधार पर निवेश करने से बचना चाहिए।



विशेषज्ञों ने खरीदारों को सलाह दी कि बुकिंग के बाद सभी दस्तावेज, भुगतान रसीदें, एग्रीमेंट और रेरा पोर्टल की अपडेट सुरक्षित रखें। किसी भी विवाद की स्थिति में यही दस्तावेज उनके अधिकारों की रक्षा का आधार बनते हैं।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को बताया गया कि यदि बिल्डर तय समय पर कब्जा नहीं देता, अनुबंध का पालन नहीं करता, भ्रामक विज्ञापन जारी करता है या बिना कारण आवंटन रद्द करता है, तो खरीदार सीधे यूपी रेरा में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए फॉर्म-एम और फॉर्म-एन की प्रक्रिया भी समझाई गई।

संवाद सत्र में गृह खरीदारों ने परियोजनाओं में देरी, रजिस्ट्री, रिफंड, ब्याज और शिकायत निवारण से जुड़े सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से जवाब दिया।

कार्यक्रम के अंत में मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय कुमार मीणा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी प्रदेश के विभिन्न मंडलों में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से रियल एस्टेट में निवेश कर सकें।

# मजबूरी से आत्मनिर्भरता तक का सफर: 'प्रोजेक्ट सक्षम' ने वृद्ध मां और दिव्यांग बेटी को दी नई पहचान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आर्थिक तंगी और विषम परिस्थितियों से जूझ रहे परिवारों के जीवन में जब अवसर का साथ मिलता है, तो आत्मनिर्भरता की नई कहानी जन्म लेती है। जनपद गाजियाबाद में जिला प्रशासन एवं नीव शक्ति संस्था द्वारा संचालित 'प्रोजेक्ट समर्थ झ सामर्थ्य ही पहचान' के अंतर्गत एक ऐसी ही प्रेरणादायी सफलता की कहानी सामने आई है।जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ (आईएएस) के मार्गदर्शन में एक जरूरतमंद वृद्ध महिला तथा उनकी विशेष रूप से सक्षम (दिव्यांग) पुत्री को स्वरोजगार हेतु एक रोजगार कियोस्क उपलब्ध कराया गया। यह पहल उनके लिए केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन की नई शुरूआत साबित हुई है 'परिवार लंबे समय से आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहा था। नियमित आय का कोई स्थायी स्रोत न होने के कारण उनके सामने जीवन-यापन की गंभीर चुनौती थी। ऐसे समय में प्रोजेक्ट सक्षम के माध्यम से रोजगार कियोस्क उपलब्ध कराए जाने से उन्हें अपनी मेहनत के बल पर सम्मानपूर्वक आय अर्जित करने का अवसर मिला है।





# संजू बाबा की दुल्हन बनने से पहले मान्यता दत्त फिल्मों में आजमा चुकी थीं किस्मत, गंगाजल से मिली पहचान

बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि मान्यता खुद भी फिल्मों में अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं। उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था और अपनी पहचान बनाने के लिए काफी संघर्ष किया था। हालांकि, उन्हें वह बड़ी सफलता नहीं मिल पाई, जिसकी उन्होंने उम्मीद की थी। मान्यता दत्त का जन्म 22 जुलाई 1978 को मुंबई के एक मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनका असली नाम दिलनवाज शेख है। उनका बचपन कुछ समय दुबई में बीता। बचपन से ही उनका झुकाव ग्लैमर और फिल्मी दुनिया की तरफ था। यही सपना उन्हें मुंबई लेकर आया, जहां उन्होंने अभिनय के क्षेत्र में करियर बनाने की कोशिश शुरू की। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद मान्यता ने अपना नाम बदलकर सारा खान रख लिया था। शुरूआती दौर में उन्होंने कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल किए। उस समय वह बड़ी फिल्मों में जगह बनाने के लिए लगातार कोशिश कर रही थीं। उन्हें फिल्मों में काम तो मिला, लेकिन वह पहचान नहीं मिल पाई जो एक अभिनेत्री के तौर पर वह चाहती थीं। मान्यता को सबसे ज्यादा पहचान साल 2003 में आई प्रकाश झा की फिल्म गंगाजल से मिली। इस फिल्म में उन्होंने अलहड़ मस्त जवानी गाने पर परफॉर्म किया था, जिसने दर्शकों का ध्यान खींचा। इसी फिल्म के दौरान उन्हें स्क्रीन नाम मान्यता मिला। हालांकि, इसके बाद भी उनका फिल्मी सफर ज्यादा आगे नहीं बढ़ सका और उन्हें बड़े प्रोजेक्ट्स में काम करने के मौके कम मिले। इसके बाद मान्यता ने छोटे बजट की फिल्मों में भी काम किया। उन्होंने लवर्स लाइक अस नाम की फिल्म में भी अभिनय किया था। यही फिल्म उनकी जिंदगी में एक बड़ा मोड़ लेकर आई, क्योंकि इसी फिल्म के राइट्स खरीदने के सिलसिले में उनकी मुलाकात अभिनेता संजय दत्त से हुई। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और दोनों एक-दूसरे के करीब आ गए। संजय दत्त और मान्यता दत्त ने 7 फरवरी 2008 को शादी कर ली। शादी के बाद मान्यता ने एक्टिंग की दुनिया से दूरी बना ली और परिवार पर ध्यान देना शुरू किया। साल 2010 में दोनों जुड़वां बच्चों के माता-पिता बने। उनके बेटे का नाम शाहरान और बेटी का नाम इकरा है। हालांकि मान्यता का बतौर अभिनेत्री करियर ज्यादा लंबा नहीं चला, लेकिन उन्होंने अपनी जिंदगी में एक नई भूमिका निभाई। वह संजय दत्त प्रोडक्शंस की सीईओ हैं और बिजनेस से जुड़े फैसले लेती हैं।

# जंतर-मंतर प्रदर्शन पर अभिनेता रहमान की सरकार से अपील, बोले- छात्र हमारे दुश्मन नहीं, भारत का भविष्य हैं



दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन और उस दौरान हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर देशभर में बहस तेज हो गई है। इस मुद्दे पर अब कई जानी-मानी हस्तियां भी खुलकर अपनी राय रख रही हैं। फिल्मी दुनिया से भी लगातार प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में तमिल और मलयालम सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता रहमान ने छात्रों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि छात्र देश के दुश्मन नहीं, बल्कि भारत का भविष्य हैं और उनकी चिंताओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। रहमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, जब जंतर-मंतर पर प्रदर्शन शुरू हुआ था, तब मुझे पूरा भरोसा था कि सरकार आगे आएगी, छात्रों की बात सुनेगी और उनकी चिंताओं का समाधान निकालेगी। लेकिन जैसे-जैसे दिन बीतते गए, हालात को इस तरह बिगड़ते देखना बेहद तकलीफदेह रहा। छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के वीडियो देखकर मेरा दिल टूट गया। रहमान ने सरकार से सवाल करते हुए कहा, आखिर क्यों? क्या यह वास्तव में जरूरी था? मैं जानता हूं कि मेरी बातों का गलत मतलब निकाला जा सकता है या मेरी मंशा पर सवाल उठाए जा सकते हैं, लेकिन इस बार मैं किसी अभिनेता के रूप में नहीं, बल्कि एक चिंतित नागरिक के तौर पर अपनी बात कह रहा हूं।

अपने पोस्ट में रहमान ने सरकार से संवेदनशीलता दिखाने की अपील भी की। उन्होंने लिखा, कृपया टकराव की जगह दया और संवेदनशीलता को प्राथमिकता दीजिए। देर होने से पहले छात्रों की बात सुनिए। हमारे छात्र हमारे दुश्मन नहीं हैं, वे भारत का भविष्य हैं। वे मेरे बच्चों जैसे हैं, वे हम सभी के बच्चे हैं।

रहमान की पोस्ट पर अभिनेत्री रेवती आशा ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा, सवाल पूछे जाने चाहिए।

# पतले होंठों को भी दिखा सकते हैं मोटे और आकर्षक, लें मेकअप के इन टिप्स की मदद

चहरे की सुंदरता को बढ़ाने में जितना महत्व आपकी आंखें रखती हैं उतना ही आपके होंठ भी रखते हैं। आकर्षक और सुंदर होंठ खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। मोटे और भरे हुए होंठ से सही लुक मिल जाता हैं लेकिन परेशानी आती हैं पतले होंठ होने पर। कई महिलाएं मोटे होंठ की चाहत में सर्जरी करवाना पसंद करती हैं। लेकिन आप मेकअप की मदद से भी इस चाहत को पूरा कर सकते हैं। मेकअप करके आप अपने चेहरे को जैसे चाहे वैसे दिखा सकती हैं, ये अपने आप एक आर्ट है। आज इस कड़ी में हम आपको कुछ टिप्स



बताने जा रहे हैं जिनका इस्तेमाल कर पतले होंठों को मोटे और आकर्षक दिखाने में मदद मिलेगी। आइये जानते हैं इन मेकअप टिप्स के बारे में...

**होठों की अच्छी तरह देखभाल करें**

अपने होंठों को सुंदर दिखाने के लिए, सबसे पहले आपको अपने होंठों की उचित देखभाल करने की आवश्यकता है। क्योंकि अगर होंठ झुर्रियों वाले या सूखे हैं, तो वे मेकअप के साथ भी अच्छे नहीं दिखेंगे। इसके लिए इसे लिप बाम और लिप प्राइमर के साथ नियमित रूप से हाइड्रेट रखें। चीनी और शहद का स्क्रबर इस्तेमाल करें। ये आपके होंठों पर काले घेरे को कम करने में मदद कर सकता है। आप अपने दांतों को ब्रश करते समय अपने होंठों को साफ करने के लिए गुनगुने पानी का उपयोग कर सकते हैं। होंठों को स्क्रब करने और साफ करने के तुरंत बाद लिप बाम जरूर लगाएं। इससे आपके होंठ साफ और मुलायम बनेंगे।

**होंठो पर आउटलाइन करें**

अगर आप लिप लाइनर का उपयोग करती हैं, तो उसकी मदद से भी आप फुलर लिप्स पा सकती हैं। इसके लिए न्यूड या पिंकिश न्यूड शेड चुनें और इसे अपने होठों की आउटलाइन पर लगाकर ब्लेंड करें। इससे फुलर लिप्स का भ्रम पैदा होगा, जिससे आपके होंठ बड़े और भरे हुए दिखेंगे।

**हाइलाइटिंग करना न भूलें**

होठों को हाइलाइट करना उतना ही जरूरी है, जितना कि आपके गालों को उभारना। ऊपरी लिप्स की आउटलाइन और क्यूपिड बो पर हाइलाइटर की मदद से हल्का उभार दें, जिससे होंठ बड़े और भरे हुए दिखें। इसके बाद आप चाहें तो होंठो की लाइनिंग कर सकती हैं या फिर ऐसे भी छोड़ सकती हैं।

**लिपलाइनर से दें आकार**

मुख्य काम होता हैं होंठो को आकार देने का। इसके लिए हल्के रंग का लिपलाइनर लें और उससे होंठो का आकार बनाएं। आकार ऐसा बनाएं जिससे वे मोटे और बड़े लगें। लेकिन होंठो का यह आकार चेहरे के हिसाब से होना चाहिए। यानी ऐसा जो आपके चेहरे पर सूट करे।

**ओवरलाइन ड्रा करें**

मेकअप आर्टिस्ट अक्सर अपने होठों को बड़ा करने के लिए इस तकनीक का उपयोग करते हैं। लेकिन आप इसमें एक्सपर्ट नहीं हैं, इसलिए आपको सावधानी से ओवरलाइन ड्रा करनी होगी। यह आपके होठों को बड़ा करने का एक आसान तरीका है। ऐसा करने के लिए, अपनी नेचुरल लिप लाइन के ठीक बगल में इस लाइन को खींचें। इसके अलावा, एक लिप लाइनर चुनें जो आपकी स्किन टोन से मेल खाता हो।

# अजय देवगन ने रोहित शेट्टी के साथ मनाया सिंघम के 15 पूरे होने का जश्न, शेयर किया आइकोनिक क्लिप

अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम को रिलीज हुए 15 साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर अभिनेता ने सोशल मीडिया के माध्यम से फिल्म से जुड़ी यादों को फिर से दोहराया। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से जुड़ा क्लिप शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने लिखा, जुलाई का महीना वाकई हमारे लिए बहुत खास है। रोहित शेट्टी। सिंघम के 15 साल पूरे। ब्लॉकबस्टर भारतीय हिंदी एक्शन फिल्म सिंघम 2011 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया था और इसमें अजय देवगन ने बाजीराव सिंघम की मुख्य भूमिका निभाई है। यह फिल्म साल 2010 में आई इसी नाम की तमिल फिल्म का रीमेक थी।

यह फिल्म ईमानदार, सिद्धांतवादी और निडर पुविस वाले बाजीराव सिंघर की होती है। उनका सामना जयकांत शिकरे (प्रकाश राज) नाम के एक भ्रष्ट राजनेता और अपराधी से होता है।

फिल्म में अजय देवगन के अलावा, काजल अग्रवाल, प्रकाश राज, सचिन खेडेकर और अशोक सराफ समेत कई मंझे हुए कलाकार नजर आए थे। फिल्म और इसके गानों को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था। सिंघम फिल्म के कई डायलॉग बहुत प्रसिद्ध हैं, जैसे, आता माझी सटकली और ज्यांच्यात दम असतो... ते सिंघम असतात। इसके अलावा, अजय देवगन की पानी से बाहर निकलते हुए एंट्री वाला सीन भी बहुत आइकॉनिक माना जाता है। इस फिल्म की कहानी एक छोटे से गांव शिवागढ़ से शुरू होती है। बाजीराव सिंघम एक आदर्शवादी पुलिस वाले हैं, जो शांति और बातचीत से समस्याओं का समाधान करते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ



जरूरत पड़ने पर सख्ती भी बरतते हैं। उनकी टक्कर गोवा के एक भ्रष्ट और खतरनाक राजनेता जयकांत शिकरे (प्रकाश राज) से होती है। इसके बाद वे गोवा ट्रांसफर हो जाते हैं और सिस्टम में रहकर भ्रष्ट नेताओं का पदार्फाश करते हैं। सिंघम की भारी सफलता के बाद ही डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने बॉलीवुड में पुलिस-आधारित फिल्मों का एक पूरा यूनिवर्स (कॉप यूनिवर्स) बना दिया है। इसके बाद उन्होंने सिंघम रिटर्न्स (2014), सिम्बा (2018), सूर्यवंशी (2021) और सिंघम अगेन (2024) जैसी फिल्में बनाई हैं।

# द इंडिया स्टोरी का एक और नया दमदार पोस्टर रिलीज, कीटनाशक खेती की भयावह सच्चाई से उठाया पर्दा

मुंबई फिल्म द इंडिया स्टोरी के निमार्ताओं ने फिल्म का एक नया और प्रभावशाली पोस्टर जारी किया है, जो देश के सबसे गंभीर जनस्वास्थ्य मुद्दों में से एक कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल वाली खेती पर ध्यान केंद्रित करता है। काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अभिनीत यह नया पोस्टर फिल्म की दमदार कहानी की झलक देने के साथ-साथ कृषि में बढ़ते कीटनाशकों के इस्तेमाल से



जुड़े उन खतरों को भी सामने लाता है, जो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी को चुपचाप प्रभावित कर रहे हैं। नया पोस्टर बेहद प्रभावशाली विजुअल्स के साथ फिल्म के मूल संदेश को सामने रखता है। यह दशार्ता है कि हमारी थाली तक पहुंचने वाला भोजन किन छिपे हुए खतरों को अपने साथ ला सकता है। पोस्टर का गंभीर और सोचने पर मजबूर करने वाला अंदाज फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ाता है। काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े इस कहानी के केंद्र में हैं, जो पीढ़ियों से जुड़ी एक अहम समस्या पर जागरूकता फैलाने का प्रयास करती है।

फिल्म के संदेश पर बात करते हुए काजल अग्रवाल ने कहा, द इंडिया स्टोरी ऐसी फिल्म है, जो हर घर तक पहुंचने वाला एक महत्वपूर्ण संदेश देती है। इस प्रोजेक्ट ने मुझे इसलिए आकर्षित किया, क्योंकि यह एक ऐसे विषय को उठाने का साहस करता है, जो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी को सीधे प्रभावित करता है, लेकिन अक्सर हमारी नजरों से ओझल रहता है। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म लोगों को अपने भोजन और उससे जुड़े विकल्पों के बारे में गंभीरता से सोचने के लिए प्रेरित करेगी।

वहीं श्रेयस तलपड़े ने कहा, यह कहानी सिर्फ खेती की पद्धतियों की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य और भविष्य की भी है। नया पोस्टर उसी गंभीरता और तात्कालिकता को दशार्ता है, जिसे हम इस फिल्म के जरिए सामने लाना चाहते हैं। हम ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना चाहते थे, जो समाज में सार्थक चर्चा शुरू करे और मुझे विश्वास है कि द इंडिया स्टोरी लोगों में इस विषय को लेकर जागरूकता पैदा करेगी।

द इंडिया स्टोरी पहले ही कीटनाशक खेती और उसके मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दीर्घकालिक प्रभावों जैसे संवेदनशील विषय को उठाने के कारण चर्चा में है। फिल्म यह दिखाने का प्रयास करती है कि किस तरह हानिकारक कृषि पद्धतियां वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित कर सकती हैं। साथ ही यह दर्शकों को यह सोचने के लिए प्रेरित करती है कि आखिर उनकी थाली तक पहुंचने वाला भोजन कितना सुरक्षित है। अपनी प्रभावशाली कहानी के माध्यम से फिल्म खाद्य सुरक्षा और जनस्वास्थ्य जैसे अहम मुद्दों पर सार्थक संवाद शुरू करने का प्रयास करती है। जी स्टूडियोज और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत द इंडिया स्टोरी का निर्देशन चेतन डी.के. ने किया है, जबकि इसकी कहानी और निर्माण सागर बी. शिंदे ने किया है। फिल्म 24 जुलाई 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के सह-निमार्ताओं में स्वाति विनायक सैंदाने, अनीता जाधव, विनायक सैंदाने, कल्पेश शाह, देवयानी खोराटे और प्रेम जोशी शामिल हैं। तकनीकी टीम में सिनेमैटोग्राफर निशांत भागवत, संगीतकार मंगेश धाकड़े, एडिटर आशीष म्हात्रे, गीतकार शकील आजमी और साउंड डिजाइनर अनमोल भावे शामिल हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर जन नायकन का तूफान! पहला दिन 100 करोड़, शाहरुख की पठान से आगे और रजनीकांत की कुली से पीछे

तमिल अभिनेता से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने विजय की आखिरी फिल्म जन नायकन गुरुवार 23 जुलाई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। पैन इंडिया फिल्म के तौर पर प्रदर्शित हो रही है यह फिल्म कई बार रिलीज टलने, लंबे कानूनी विवाद, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से जुड़े विवादों और फिल्म के कुछ हिस्सों के लीक होने जैसी घटनाओं के बाद अब दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार है। शुरूआत में यह फिल्म जनवरी में रिलीज होने वाली थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इसकी रिलीज टालनी पड़ी। चूंकि यह विजय के अभिनय करियर की अंतिम फिल्म मानी जा रही है, इसलिए इसे लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। रिलीज से चार दिन पहले शुरू हुई अग्रिम टिकट बुकिंग ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, जिसके बाद फिल्म व्यापार से जुड़े कई विशेषज्ञ पहले दिन 100 करोड़ रुपये से अधिक के वैश्विक कारोबार का अनुमान लगा रहे हैं। निर्देशक एच. विनोथ की इस फिल्म में विजय आखिरी बार मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। यह फिल्म उनके अभिनय करियर का समापन मानी जा रही है और इसी कारण इसे लेकर प्रशंसकों में खास उत्साह देखने को मिल रहा है।

अग्रिम टिकट बुकिंग में शानदार प्रदर्शन

जन नायकन को भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी रिलीज में से एक माना जा रहा है। फिल्म के लिए पूरे भारत में लगभग 8,000 शो निर्धारित किए गए हैं, जिनमें से 3,500 से अधिक शो केवल तमिलनाडु में होंगे। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार सुबह तक फिल्म ने पहले दिन की अग्रिम टिकट बुकिंग से लगभग 15 करोड़ रुपये का सकल कारोबार कर लिया था। यदि ब्लॉक की गई सीटों को भी इसमें शामिल कर लिया जाए तो यह आंकड़ा 20 करोड़ रुपये से अधिक हो जाता है। पहले दिन के लिए अब तक लगभग 6.5 लाख टिकट बिक चुके हैं।

वैश्विक स्तर पर भी फिल्म की पहले सप्ताहांत की अग्रिम टिकट बुकिंग 30 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच चुकी है। हालांकि, यहां यह ध्यान देने वाली बात है कि इस कारोबार का अधिकांश हिस्सा फिल्म के मूल तमिल संस्करण से आया है। तमिलनाडु के बाहर फिल्म को लेकर अपेक्षाकृत कम उत्साह



दिखाई दे रहा है। खासकर उत्तर भारत के कई सिनेमाघरों में अग्रिम टिकट बुकिंग बेहद सीमित रही है। उत्तर भारत के सिनेमाघरों में कम रही अग्रिम टिकट बुकिंग के बावजूद मल्टीप्लेक्स सिनेमाघरों ने इसे अपने यहाँ किसी बड़ी बॉलीवुड फिल्म की तरह शो व स्क्रीन्स दिए हैं। हिन्दी के साथ-साथ उत्तर भारत की सभी मल्टीप्लेक्स चैन ने इसे इसके मूल संस्करण तमिल के लिए भी कई शोज आवंटित किए हैं। यह संख्या विजय की पहले प्रदर्शित हो चुकी फिल्मों, जिनमें उनकी ब्लॉकबस्टर रही फिल्म लियो भी शामिल है, से कहीं ज्यादा है। उत्तर भारत के सिनेमाघरों को उम्मीद है कि विजय की यह फिल्म हिन्दी भाषा में भी बेहतरीन कारोबार करने में सफल होगी।

**बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन कितनी होगी कमाई?**

रिलीज में अभी एक दिन का समय बाकी है और उम्मीद की जा रही है कि बुधवार को अग्रिम टिकट बुकिंग की रफ्तार और तेज होगी। फिलहाल जन नायकन विजय की सबसे बड़ी हिट फिल्म लियो से पीछे चल रही है, जिसने केवल अग्रिम टिकट बुकिंग से ही 46 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। हालांकि, माना जा रहा है कि जन नायकन विजय की पिछली फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम के 29 करोड़ रुपये के अग्रिम बुकिंग रिकॉर्ड तक पहुंच सकती है।

फिल्म व्यापार विशेषज्ञों का अनुमान है कि जन नायकन भारत में पहले दिन लगभग 55 करोड़ रुपये का शुद्ध कारोबार कर सकती है। कुछ विशेषज्ञ यह आंकड़ा 60 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना भी जता रहे हैं। यदि ऐसा होता है तो फिल्म विजय की पिछली फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम के 44 करोड़ रुपये के पहले दिन के शुद्ध कारोबार को पीछे छोड़ देगी। हालांकि, यह विजय की ही फिल्म लियो के 65 करोड़ रुपये के शुरूआती रिकॉर्ड से पीछे रह सकती है। अनाधिकृत तौर पर बॉक्स ऑफिस का विश्लेषण करने वाले कुछ विश्लेषकों का अनुमान है कि जन नायकन विजय की लियो के 65 करोड़ रुपये के पहले दिन के आंकड़े को तोड़ने में सफल हो जाएगी और यह करीब 70 करोड़ के आंकड़े तक पहुँच सकती है।

# भारत एनपीके के नाम पर अमोनियम सल्फेट बेचने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में गुरुवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर बाजार में अमोनियम सल्फेट को भ्रामक रूप

**भाकियू ने जिलाधिकारी को सौंपा पत्र,जांच कराने की मांग की**

से भारत एनपीके के नाम से बेचे जाने का मामला उठाया। यूनियन ने इसे उर्वरक घोटाला बताते हुए तत्काल बिक्री पर रोक और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

जिलाधिकारी कविता मीना को भाकियू नेताओं ने बताया कि कृषि विभाग लखनऊ द्वारा जनपद मुरादाबाद में एचयूआरएल को 200 मीट्रिक टन एनपीके का आबंटन किया गया था। किसानों की शिकायत है कि निजी दुकानों पर



अमोनियम सल्फेट के बैग पर बड़े अक्षरों में भारत एनपीके लिखकर किसानों को गुमराह किया जा रहा है। जबकि छोटे अक्षरों में अमोनियम सल्फेट लिखा है।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि एनपीके में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश तीनों तत्व होते हैं, जबकि अमोनियम सल्फेट में केवल नाइट्रोजन और सल्फर मिलता है। गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में यदि किसान एनपीके समझकर अमोनियम सल्फेट का प्रयोग करेंगे तो फसल की पैदावार और गुणवत्ता पर सीधा असर पड़ेगा।

भाकियू ने मांग की कि जिलें में इसकी बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए और दोषी विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस मौके पर कटार सिंह, मोनू त्यागी, रवि भाटी, अशोक राणा, महेंद्र त्यागी, राजवीर भाटी, ओमप्रकाश त्यागी, बब्लू चौधरी और योगेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# जीएस विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय 'आरोहण' का आगाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** जीएस विश्वविद्यालय में विश्व हिन्दू परिषद के सहयोग से तीन





दिवसीय 'आरोहण' कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न मेडिकल संस्थानों के एमबीबीएस, बीडीएस और बीएएमएस के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। आयोजन का उद्देश्य भावी चिकित्सकों को चिकित्सा शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकार, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना से जोड़ना है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक केवल इलाज करने वाला नहीं, बल्कि समाज का मार्गदर्शक भी होता है। इसलिए चिकित्सा ज्ञान के साथ मानवीय संवेदनाएं, नैतिक मूल्य और सेवा भाव भी उतने ही आवश्यक हैं। तीन दिवसीय आयोजन में विकसित भारत-2047, भारतीय जीवन मूल्यों, चिकित्सा सेवा, व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व कौशल जैसे विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे। साथ ही समूह चर्चा, संवाद और प्रेरक सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी जोर दिया.।

इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अरुण पांचजन्य, क्षेत्रीय प्रचारक महेंद्र, चांसलर गंगा सरन शर्मा, कुलपति डॉ. यतीश अग्रवाल, प्रो चांसलर डॉ. अंकित शर्मा सहित विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एसपी ने 17 कांवड मोबाइल बाइकों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कांवड मोबाइल बाइक कांवड मार्गों पर लगातार करेंगी पेट्रोलिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** आगामी 30 जुलाई से शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण,सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न को लेकर पुलिस विभाग कोई कसर छोड़ता नजर नहीं आ रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को पुलिस कार्यालय प्रांगण से एसपी कुंवर ज्ञानंजय

**शिवभक्तों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है:एसपी**

सिंह ने 17 कांवड़ मोबाइल बाइक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये मोबाइल टीमें पूरे कांवड मार्ग पर लगातार गश्त कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ-साथ यातायात व्यवस्था पर नजर रखेंगी।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह ने कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे



कांवड़ मार्ग,प्रमुख चौराहों,भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर पूरी सतर्कता के साथ तैनात रहें। किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और श्रद्धालुओं को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए 17 कांवड़ मोबाइल बाइक टीमों को सक्रिय किया गया है,जो लगातार पेट्रोलिंग करेंगी। सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करें,यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई करें। हमारा प्रयास है कि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो। कांवड यात्रा के दौरान मोबाइल टीमें 24 घंटे सक्रिय रहकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। और शिव भक्त अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच सके।

# पीएम मोदी के बाद किरेन रिजिजू का विपक्ष पर हमला, छात्रों के भविष्य पर राजनीति बंद हो

**दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को विपक्ष से अपील की कि वे बिना किसी शर्त के ठएएळ पेपर लीक मामले पर चर्चा में शामिल हों। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के छात्रों से जुड़े इस मामले पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। राज्यसभा में बोलते हुए रिजिजू ने कहा कि सरकार तुरंत चर्चा शुरू करने के लिए तैयार है और उन्होंने सवाल किया कि बहस से पहले किसी शर्त की क्या जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी ने NEET पर चर्चा की मांग की है। चर्चा पर कोई शर्त नहीं होनी चाहिए। अगर कोई शर्त रखी जाती है, तो इसका मतलब है कि आपकी नीयत ठीक नहीं है। विपक्षी दलों से संसद को चलने देने की अपील करते हुए रिजिजू ने कहा कि पहले से कोई शर्त न रखें। NEET पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी दलों से बिना किसी पूर्व शर्त के चर्चा करने का आग्रह किया। रिजिजू ने सदन में कहा कि मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि शर्तें न रखें। आइए बिना किसी पूर्व शर्त के चर्चा करें। हम आज ही शुरूआत कर सकते हैं। हम आज ही चर्चा शुरू कर सकते हैं। इस विवाद पर केंद्र सरकार के रुख का ज़िक्र करते हुए रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही देश को भरोसा दिला चुके हैं कि पेपर लीक मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की जाएगी।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पहले ही फास्ट-ट्रैक कोर्ट और कड़ी सजा का भरोसा दे चुके हैं। उन्होंने परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में जवाबदेही तय करने के सरकार के संकल्प को दोहराया। उनके ये बयान प्रधानमंत्री मोदी की उस घोषणा के कुछ घंटों बाद आए, जिसमें उन्होंने कहा था कि पेपर लीक मामलों में शामिल लोगों को जल्द और कड़ी सजा दिलाने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश के युवाओं की भलाई और भविष्य से ज्यादा जरूरी कुछ भी नहीं है और भरोसा दिलाया कि छात्रों का भविष्य दांव पर लगाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## पुलिस ने घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

# मिनी ट्रक व आटो जोरदार टक्कर,युवक की मौत, दो गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** दिल्ली रोड स्थित आवासीय कालोनी आनंद विहार के बाहर सड़क पर मिनी ट्रक व आटो की

**पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुटी टीम,नहीं मिली सफलता**

जोरदार भिडंत हो गयी। जिससे आटो में सवार एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि मृतक की शिनाख्त नहीं होने पर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजे दिया।

मिली जानकारी के अनुसार,गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे एक ऑटो पिलखुवा से हापुड़ की ओर आ रहा था। इसी एक मिनी ट्रक से उसकी आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत



मौके पर पहुंचे और ऑटो में फंसे घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया,जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दो अन्य घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर भी बनी हुई है।

घटना के बाद दिल्ली रोड पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। पुलिस हादसे की वास्तविक वजह जानने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि हादसा तेज रफ्तार,लापरवाही या किसी अन्य कारण से हुआ। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि गुरुवार को दिल्ली रोड पर ऑटो और मिनी ट्रक की टक्कर में एक युवक की मौत हुई है तथा दो लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया,लेकिन सफलता नहीं मिली,पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# सड़क सुरक्षा समिति : एनएचएआई ततारपुर गोल चक्कर पर ब्लैक स्पॉट समाप्त करने को डिजाइन तैयार करें:डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुचारू बनाने महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये।

जिलाधिकारी कविता मीना को बताया कि निजामपुर क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा फ्लाईओवर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। इस परियोजना के पूर्ण होने के उपरांत बरेली से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को नीचे उतरने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे यातायात का प्रवाह अधिक सुगम एवं सुरक्षित होगा।



डीएम ने ततारपुर क्षेत्र के संबंध में एनएचएआई को निर्देशित किया गया है कि विस्तृत सर्वेक्षण कराकर उपयुक्त डिजाइन तैयार किया जाए,जिससे ततारपुर गोल चक्कर पर दुर्घटना संभावित टकराव बिंदुओं (ब्लैक स्पॉट) को समाप्त किया जा सके तथा यातायात को निर्बाध एवं सुचारू बनाया जा सके।

बताया गया कि उपैड़ा क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा एक्सेस कंट्रोल एवं एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित करने का कार्य प्रस्तावित है। इस अंतर्गत आधुनिक कैमरे एवं निगरानी प्रणाली स्थापित की जाएगी। आगामी 6 माह में इस कार्य के प्रारम्भ होने की संभावना है, जिससे यातायात प्रबंधन और अधिक प्रभावी होगा तथा ट्रैफिक का प्रवाह काफी हद तक सुधरेगा। इस अवसर पर परिवहन विभाग,एनएचएआई सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन ने कानपुर के 7 एयर फोर्स हॉस्पिटल का दौरा किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ / कानपुर।** आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल सर्विसेज (डीजीएएफएमएस) की महानिदेशक, सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम ने 22 जुलाई 2026 को कानपुर छावनी स्थित 7 एयर फोर्स हॉस्पिटल (7AFH) का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य अस्पताल की चिकित्सा तैयारियों और मरीजों की देखभाल से जुड़ी सेवाओं का जायजा लेना था।

7 एयर फोर्स हॉस्पिटल के एयर ऑफि सर कमांडिंग, एयर कमोडोर आदित्य सपरा ने सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन



का स्वागत किया। दौरे के दौरान, उन्होंने अस्पताल के मुख्य कामकाज वाले क्षेत्रों और बुनियादी ढांचे के विकास की योजनाओं की समीक्षा की। डीजीएएफएमएस ने सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में अस्पताल के पेशेवर रवैये, समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। इस दौरे ने राष्ट्रीय रक्षा के समर्थन में क्लिनिकल उत्कृष्टता, मरीज-केंद्रित देखभाल, निरंतर आधुनिकीकरण और सैन्य स्वास्थ्य सेवा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के प्रति आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल सर्विसेज की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया।


# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों टीम ने गर्ग डेयरी व बिस्मिल्लाह ढाबा पर मार छापा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की गठित टीम ने गुरुवार को बाबूगढ़ छावनी गर्ग डेयरी व बिस्मिल्लाह ढाबा छापामार कार्यवाही करते

- **पनीर,मक्खन,दूध व ग्रेवी का नमूने भरकर जांच को भेजे गये**
- **जनपद में छापामार अभियान आगे भी जारी रहेगा:चन्द्रशेखर**

पनीर,मक्खन,दूध व ग्रेवी का नमूना भरकर जांच को भेजे। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा की जा रही छापामार कार्यवाही से मिलावट खोरों में हड़कंप मचा हुआ है।





सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय चन्द्रशेखर मिश्र ने बताया कि पंकज कुमार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सोवेन्द्र सिंह पंघाल,विपिन कुमार सिंह,आर.पी.गुप्ता, सुश्री सहरिश सादात,मोहित कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम ने गुरुवार को बाबूगढ़ छावनी स्थित गर्ग डेयरी पर औचक छापा मारकर वहां से पनीर,मक्खन व दूध का नमूना व इसके अलावा बाबूगढ़ छावनी में ही बिस्मिल्लाह ढाबा पर छापा मारकर ग्रेवी का नमूना भरा गया।

उन्होंने बताया कि अधिकारियों की टीम द्वारा भरे गये पनीर,दूख,मक्खन व ग्रेवी के नमूनों को जाँच खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेग।

सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय ने बताया कि जनपद में विभागीय अधिकारियों की टीम द्वारा जिले में छापामार कार्यवाही आगे भी जाती रहेगी। जनपद में मिलावटी खाद्य पेय पदार्थों की बिक्री किसी भी कीमत नहीं होने दी जायेगी।

## खुलासा — 30 हजार रुपये,अवैध असलाह व दो मोटर साइकिल बरामद की

# हिस्ट्रीशीटर सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद के थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने शिवा ढाबा पर खड़ी पिकअप गाड़ी से नगदी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए हिस्ट्रीशीटर सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से 30 हजार रुपये,अवैध असलाह व घटना में प्रयुक्त दो मोटर साइकिल बरामद की है। थाना गढ़मुक्तेश्वर प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र बिष्टद ने बताया कि शिवा ढाबा पर खड़ी पिकअप गाड़ी से नगदी चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोरों की तलाश में पुलिस चेकिंग कर रही थी। थाना पुलिस ने स्याना



रोड से हिस्ट्रीशीटर सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया। अभियुक्तों के कब्जे से 30 हजार रुपये, तमंचा, एक जिन्दा कारतूस,एक चाकू व घटना में प्रयुक्त दो मोटर साइकिल बरामद की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम कादिर उर्फ सोनू पुत्र वाजिद निवासी ग्राम पितन ओदा थाना हमीरपुर दीपा,नबील पुत्र नसीम निवासी मोहल्ला पलिया पाड़ा थाना कोतवाली चांदपुर व इमरान पुत्र कादिर निवासी ग्राम फजलपुर ढाकी थाना हल्दौर जनपद बिजनौर है।

कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार कादिर उर्फ सोनू जनपद बिजनौर के थाना हीमपुर दीपा को हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। जिसके खिलाफ जनपद हापुड़,बिजनौर व गाजियाबाद में डकैती,चोरी व हत्या का प्रयास आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

# चिकित्सा एक पेशा नहीं,बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,पिलखुवा।** जी.एस. विश्वविद्यालय एवं विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय आरोहण कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अरुण पांचजन्य के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।



कार्यक्रम में आसपास के विभिन्न मेडिकल संस्थानों के एमबीबीएस, बीडीएस एवं बीएएमएस के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। तीन दिनों तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्र निर्माण, भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं चिकित्सा सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रेरणादायी व्याख्यान एवं संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में चिकित्सा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना तथा भावी चिकित्सकों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना है।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं,बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे ज्ञान, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रहित की भावना के साथ आगे बढ़ें और विकसित भारत-2047 के निर्माण में अपनी सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रचारक महेंद्र ,जी.एस. विश्वविद्यालय के चांसलर गंगा सरन शर्मा,सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शशि शर्मा, वाइस चांसलर डॉ.यतीश अग्रवाल, प्रो चांसलर डॉ. अंकित शर्मा, यज्ञदत्त शर्मा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज से डॉ. सुधांशु यज्ञदत्त शर्मा तथा के.डी. मेडिकल कॉलेज,मथुरा के डॉ. गौरव सहित विश्वविद्यालय एवं विभिन्न संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267